हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026



## बरसते पानी के बीच शहर भ्रमण के लिए निकली प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा..गाजे-बाजे में झूमते दिखे भक्त

6हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में आयोजित की गई। रिमझिम फुहारों के बीच निकली रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बाजे-गाजे और भजन-कीर्तन के मधुर धुनों के बीच भक्त भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाते भक्ति में सराबोर नजर आए। पूरे शहर में जय जगन्नाथ के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

शहर के गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से पारंपरिक विधि-विधान और पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा प्रारंभ हुई। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचने लगे थे। दोपहर को निकली रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

रथयात्रा में जनप्रतिनिधियों सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। श्रद्धा, आस्था और उत्साह से परिपूर्ण इस रथयात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया।

### रथ खींचने का उत्साह

रिमझिम बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भक्त बारिश की फुहारों के बीच भी भजन गाते और नृत्य करते भगवान जगन्नाथ के रथ के साथ चलते रहे। रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और रस्सी पकड़ने के लिए होड़ सी लगी रही। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।



*आरती उतारी, पुष्पावर्षा से स्वागत:* प्रभात नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर से भी भव्य रथयात्रा निकाली गई, जो सर्विस लेन होते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर मंदिर पहुंची। रथयात्रा मार्ग में जगह-जगह सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा भगवान की आरती उतारी गई तथा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पेयजल, स्वल्पाहार और प्रसाद की भी व्यवस्था की गई।

### शहर के दो मंदिरों से निकली रथयात्रा, भक्तिमय रहा वातावरण





### आज एक साथ होगा तीनों मासूमों का अंतिम संस्कार

## बोरतालाब में गड्ढा खोदने वाले ठेकेदार पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ ब्लॉक के बोरतालाब क्षेत्र के गांधी नगर इलाके में हुई तीन मासूमों की मौत के मामले में अब एक्शन शुरू हो गया है। पुलिस महकमे ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर कल शुक्रवार को तीनों मृतक बच्चों का एक साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। जिसकी तैयारियां भी गांव में की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार की शाम गांधी नगर गांव से खबर सामने आई कि रेलवे ट्रेक के समीप खेत में किए गए गड्ढे में डूबने से तीन मासूमों की मौत हो गई है। इस घटना में सार्थक कोकोटे 5 वर्ष, दानिश मंडावी 6 वर्ष और कृष मंडावी 8 वर्ष की मौत हुई है। इनमें दानिश और कृष सगे भाई थे। इन तीनों बच्चें के माता-पिता दूसरे राज्यों में मजदूरी करने गए हुए थे। देर शाम बच्चों के शव को बाहर निकाला गया। जिनका पोस्टमार्टम कर परिजनों के आने पर शव सौंपा गया। कल शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में इनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### परिजनों के साथ रहते थे बच्चे

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बच्चों के माता-पिता दूसरे राज्यों में मजदूरी के लिए गए हुए हैं। यह बच्चे गांधी नगर इलाके में अपने परिजन के साथ रहते थे। बताया गया कि दो सगे भाई अपनी दादी के साथ रहते थे और एक बच्चा अपनी बुआ के साथ रहता था। यह बच्चे पहली और तीसरी कक्षा में थे।

### लापरवाही की होगी जांच

*प्रथम दृष्टया यह बातें सामने आ रही है कि निजी भूमि में मुरूम खनन करने की नीयत से गड्ढा किए गए हैं।ऐसे में संबंधित ठेकेदार की लापरवाही सामने आ रही है। ग्रामीणों की भी मांग है कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ ठोस एक्शन लिया जाना चाहिए। इधर पुलिस प्रशासन ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।*

### झारखंड से पहुंचे परिजन

मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में मृत हुए सभी तीन बच्चों के माता-पिता रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश गए हुए थे। इस घटना के पता चलने के बाद आनन-फानन में गुरुवार की दोपहर को एक मृतक बच्चे के माता-पिता झारखंड से पहुंचे है। वहीं दो सगे भाईयों के माता-पिता गुजरात के सूरत में मजदूरी कार्य पर गए हुए थे, जो भी गांव लौट रहे हैं। परिजनों के आने पर ही मासूमों के शव को उन्हें सौंपा जाएगा।

### मुरूम का अवैध उत्खनन जेसीबी व माजदा जब्त

राजतनांदगांव। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा ग्राम ठेलकाडीह, घुमका, चारभाठा, धौराभाठा, कुहुआकुडा, तिलई, डुमरडीहकला सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम कुहुआकुडा में पूरन लाल के स्वामित्व की जेसीबी क्रमांक सीजी 08 एएम 7858 से वाहन चालक खिलेश सिन्हा तथा होरीलाल के स्वामित्व की माजदा क्रमांक सीजी 24 वी 6723 से वाहन चालक कमलेश यादव द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना ठेलकाडीह को सुपुर्द किया गया। प्रकरण में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।




### माय एंगल




## हंसिया-डंडे से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुरानी रंजिश के चलते हंसिया-डंडे से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 जुलाई को कंट्रोल रूम राजनांदगांव से सूचना प्राप्त हुआ कि मारपीट की घटना में आहत देवानंद उर्फ देवा कोलियारे को उचित ईलाज हेतु शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री राजनांदगांव में उपचार हेतु भर्ती किया गया है। सूचना पर पुलिस ने उपचारार्थ घायल देवानंद उर्फ देवा कोलियारे का कथन लिया गया। घायल ने अपने कथन में बताया कि 14 जुलाई को रात्रि लगभग साढे 8 से 9 बजे ग्राम कुमर्दा में पुरानी रंजिश को लेकर ग्यारूसराम कोलियारे एवं पूरन कोलियारे द्वारा हंसिया एवं डंडे से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोंटे पहुंचाई गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। थाना डोंगरगांव में धारा 351(2), 115(2),109(1),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### पुलिस ने की कार्रवाई



विवेचना के दौरान आरोपियों से पूछताछ की गई। जिसमें आरोपियों द्वारा घटना करना स्वीकार किया गया। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 23(2) के तहत आरोपियों का मेमोरेंडम कथन लिए गए। मेमोरेंडम के आधार पर घटना में प्रयुक्त एक हंसिया एवं एक बांस का डंडा बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी ग्यारूसराम कोलियारे, पूरन कोलियारे निवासी ग्राम कुमर्दा को 16 जुलाई को गिरफ्तार किया।

### बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम से मानसून सक्रिय

## सप्ताहभर बाद अंचल में राहत की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर एरिया के मजबूत होने से अंचल में एक बार फिर बारिश की गतिविधियों में इजाफा देखने को मिल रहा है। गुरुवार सुबह से ही दिनभर शहर सहित अंचल में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी यही स्थिति बनी रहेगी। ज्ञात हो कि अब तक जिले में बारिश का आंकड़ा सामान्य से 16 फीसदी तक पीछे चल रहा है। यही हाल बाकी दोनों जिलों का भी बना हुआ है।

अविभाजित राजनांदगांव जिले में मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। गुरुवार शाम राजनांदगांव जिले से लेकर राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया के मजबूत होने से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। आज गुरुवार कई जगहों पर हल्की से मध्यम, जबकि कुछ इलाकों में भारी बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। राजनांदगांव में 1 जून से अब तक सामान्य से 16 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश होने से इस कमी में सुधार आ सकता है। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में दर्ज किया गया था।



### किसानों के लिए राहत

*जुलाई के शुरूआती दिनों में बेहतर बारिश के बाद अंचल के खेतों में किसानों ने बुवाई का काम तेज कर दिया था। अन्नदाताओं को उम्मीद थी कि बारिश का दौर लगातार बना रहेगा, लेकिन पिछले लगभग 7 से 8 दिनों के दरमियान अंचल में सूखा देखने को मिला। जिसके चलते खेतों में पानी की कमी की वजह से दरारें आने लगी थी। ऐसे में गुरुवार को हुई बारिश से किसानों को भी काफी हद तक राहत मिली है।*

### तीनों जिलों में कम बारिश

*मानसून की इस सीजन में अब तक राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले में बारिश का आंकड़ा पिछड़ा हुआ है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिले में अब तक 252 मिमी बारिश हुई है, जो 16 फीसदी कम है। ऐसे ही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला 224 मिमी बारिश के बाद भी 13 फीसदी पिछे चल रहा है। सबसे खराब स्थिति मोहला-मानपुर-चौकी जिले की है, जहां अब तक 180 मिमी यानी कोटे की 44 प्रतिशत ही बारिश हुई है।*



## खबर संक्षेप

### बिलहरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन अंतर्गत संचालित एचआरडीपी परियोजना के तहत बिलहरी हाईस्कूल में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता के महत्व, सुरक्षित डिजिटल उपयोग, ऑनलाइन शिक्षा, तकनीकी ज्ञान तथा भविष्य में रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भैया सिंह झरे, नंदलाल साहू, दिव्या रानी कश्यप, लुकेश्वरी पिस्दा, प्रदीप सिन्हा, तोमेश वर्मा आदि मौजूद थे।

### विधायक ने किया पदयात्रा



**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में ग्राम नकटी से राजभवन तक आयोजित पदयात्रा में विधायक हर्षिता बघेल ने शामिल होकर ग्रामीणों के साथ मीलों का सफर तय किया।

### ओबीसी मोर्चा के प्रभारी बने वीरेंद्र सोनी



**डोंगरगढ़।** भाजपा संगठन ने भाजपा नेता वीरेंद्र सोनी को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का ओबीसी मोर्चा प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। उनकी नियुक्ति को उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, सक्रिय कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण का सम्मान माना जा रहा है। श्री सोनी को भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### कांग्रेस में शामिल हुए युवा



**डोंगरगढ़।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान से मुलाकात कर कई युवाओं ने कांग्रेस के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर नवाज खान ने सभी युवाओं को कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस में शामिल हुए युवाओं ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने तथा पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नितेश लारोकर, इंद्रपाल सिंह राजा, शुभम यादव, अब्दुल लतीफ खान, अविनाश नागदोने, मुकेश लाउत्रे, ईशू पाशी, बबला भाई, सुनील बोरकर, सुदर्शन यादव, कमलेश लाउत्रे, महेश लाउत्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

### कवलराम निर्मलकर बने अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा में 25 सदस्यीय स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। गठन के आयोजित पालकों की बैठक में पूर्व सरपंच कवलराम निर्मलकर को अध्यक्ष तथा प्रिया फुले को उपाध्यक्ष चुना गया। पालक प्रतिनिधि के रूप में हेमलता वर्मा, धर्मेंद्र साहू, हुकुम वैष्णव, गिरधरलाल वर्मा, अश्वन सेन, पप्पू टेम्भुरकर, नरोत्तम वर्मा, सुभाष वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, पार्वती साहू, दामिनी साहू, समीक्षा साहू, गिरिजाबाई अंगदे, महेश्वरी बंजारे, नगीना नेताम, सुखबत्ती साहू को शामिल किया गया है। पंचायत प्रतिनिधि के रूप में दो सदस्यों का चयन सरपंच की सहमति से किया जाएगा। शिक्षक प्रतिनिधि सुनील मिश्रा, हितेश्वरी रजक, शिक्षाविद् प्रतिनिधि मुनेश्वरलाल, पूर्व छात्र प्रतिनिधि के रूप में रामकुमार टेंभुरकर का चयन किया गया है। प्राचार्य के. रघुनाथ सचिव होंगे।

### छात्रावास में मनाया जन्मदिन



**डोंगरगढ़।** द एसोसिएशन ऑफ डब्ल्यूई क्लब ऑफ़ इंडिया के डब्ल्यूई क्लब डोंगरगढ़ की अध्यक्ष भावना सिंह ने अपना जन्मदिन आदिवासी छात्रावास की छात्राओं के साथ मनाया। इस अवसर पर माधुरी पांडा, ममता साहू, मोना राणा एवं कैरोलाइनदेवी सिंह उपस्थित थी। भावना ने जन्मदिन के मौके पर बुक्स, स्टेशनरी एवं मिठाई का वितरण किया।

### बीएससी अंतिम का परिणाम बेहतर

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में बीए, बीकॉम एवं बीएससी अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जानकारी के अनुसार बीए अंतिम की परीक्षा में शामिल 205 में से 151 उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में 18 ने प्रथम तथा 122 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। परिणाम 73.66 प्रतिशत रहा। बीकॉम अंतिम वर्ष में 80 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 63 उत्तीर्ण हुए। 3 प्रथम तथा 56 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया। परिणाम 78.75 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार बीएससी अंतिम वर्ष में 101 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें 94 विद्यार्थी सफल रहे। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में 41 प्रथम तथा 53 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। परीक्षा परिणाम 93.07 प्रतिशत रहा। प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### नलकूप का लोकार्पण, स्कूल में किया पौधरोपण



**गंडई पंडरिया।** गंडई स्थित नवीन पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपनी निधि से करवाए गए नलकूप खनन का लोकार्पण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने फीता काटकर नलकूप का शुभारंभ किया। इस सुविधा के होने से विद्यालय में पेयजल और अन्य दैनिक आवश्यकताओं के लिए पानी की समस्या नहीं होगी और छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को राहत मिलेगी। इस दौरान विद्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों और स्टाफ ने पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि विकास के साथ प्रकृति का संरक्षण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुहन मन्नु चंदेल, राकेश निषाद, लियाकत अली, अमित टंडन, शिक्षिका यांत्री पडवार, कौशलसिंह राजपूत, डॉ. मांघीलाल यादव, सुनीता मरकाम, संतोष रजक, कमलेश नेताम, संतोष झारिया, पुनेश्वर देवांगन उपस्थित थे।

## अंचल में गूंजा भगवान जगन्नाथ का जयकारा

# आम भक्तों के बीच पहुंचे भगवान उत्साह के साथ निकली रथयात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई। महावीर हनुमान मंदिर प्रांगण से निकले रथ में भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा सवार थे। काष्ठ प्रतिमा का विधि-विधान से स्नान, पूजन-अर्चन एवं श्रृंगार किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष के साथ प्रतिमा को रथ पर विराजमान कराया गया। भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ रथ की रस्सियां खींचकर भगवान जगन्नाथ को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। रथ महावीर हनुमान मंदिर से निकलकर गोलबाजार, जैन मंदिर रोड, बुधवारी अस्पताल मार्ग, रेलवे चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक, अग्रसेन चौक सहित अन्य प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचा।

### श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल

*नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा पर पुष्पवर्षा करने के साथ आरती किया। आस्था के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल हुए। यह आयोजन मंदिर के महंत साकेत बिहारी के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में श्यामसुंदर भैया, रामजी तराने, रजत देशपांडे, अयस खांडेकर, युग लोधी, राजा शर्मा, विजय ठाकुर, रिंकू बंसल, विश्वनाथ यादव, रामकृष्ण कनौजिया, जसमीत सिंह, बान्नोआना, नवीन बंसल, विजय अग्रवाल, मोहन दमानी, श्याम वैष्णव, हनी गुप्ता, गणेश नरेड़ी, प्रकाश मांगीलाल अग्रवाल एवं वीरेंद्र अग्रवाल सहित अन्य ने सक्रिय सहयोग दिया। रथयात्रा के दौरान पूरा नगर भगवान की भक्ति में डूबा रहा।*

### रथयात्रा में दिखा भक्तों का उत्साह

**गंडई पंडरिया।** वर्षों की गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए गंडई के वार्ड नंबर 5 स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा अत्यंत भक्ति भाव के साथ निकाली गई।

इस आयोजन में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरा क्षेत्र भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा। बच्चों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। जानकारी के अनुसार मंदिर में मौजूद वर्षों पुराने रथ को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इसी रथ पर भगवान जगन्नाथ को विधि-विधान के साथ विराजमान किया गया। मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भगवान के रथ को खींचा और नगर भ्रमण के लिए निकले।

रथयात्रा दोपहर लगभग 2 बजे श्री राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण से शुरू हुई। पंडरिया के विभिन्न प्रमुख चौराहों के अलावा रथ गंडई के अलग-अलग स्थानों से गुजरा। रथ यात्रा के मार्ग पर रद्धालुओं की भीड़ और उत्साह देखने मिला।

महिलाओं ने अपने घरों के सामने श्रद्धा के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ का स्वागत किया और आरती उतारते हुए पूजा-अर्चना की।

# साध्वियों का नगर में मंगल प्रवेश 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव





- शहर में प्रस्तावित है दिगम्बर और श्वेताम्बर समाज का चातुर्मास

दिगम्बर और श्वेतांबर जैन समाज की साध्वियों का नगर में चातुर्मास होना प्रस्तावित है। श्वेतांबर समाज की साध्वियां पद विहार करते हुए अर्जुनी पहुंच चुकी है, जिनका नगर में मंगल प्रवेश आगामी 20 जुलाई को होगा। वहीं दिगम्बर जैन साध्वियों इन दिनों रायपुर में विराजित है। माह के अंतिम सप्ताह तक उनके भी पहुंचने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि जैन धर्म में वर्षा ऋतु के चार महीने का विशेष महत्व है। इस अवधि में सूक्ष्म जीव के सर्वाधिक सक्रिय होने से हिंसा होने की आशंका को देखते हुए जैन साधु- साध्वियां एक ही जगह रहकर धर्म और आत्म कल्याण के कार्य करते हैं। इस दौरान जैन साधु- साध्वी तप, प्रवचन तथा जिनवाणी के प्रचार को महत्व देते हैं। जानकारी के अनुसार खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी म.सा. के

दिव्याशीष और आगम ज्योति प्रमोद श्रीजी म.सा, रतनमाला श्रीजी म.सा की पावन निश्रा में डॉ. विद्युतप्रभा श्रीजी म.सा.की शिष्या साध्वी आज्ञांजना श्रीजी म.सा, साध्वी श्री आगमरूचि श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 2 का चातुर्मास नगर में होना प्रस्तावित है। साध्वी वृन्द राजस्थान के जैसलमेर से पद विहार करते हुए ब्लाक के ग्राम अर्जुनी में विराजमान है। आगामी 20 जुलाई को सुबह 9 बजे नगर में मंगल प्रवेश होगा।

### साध्वी संघ महान्त तक पहुंचेगा

*जानकारी के अनुसार जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका तपोमति माताजी का चातुर्मास नगर में होना है। साध्वी वृन्द जैन तीर्थ अमरकंटक से विहार करते हुए रायपुर पहुंच चुकी है। संभावना है कि माह के अंतिम सप्ताह में नगर आगमन हो सकता है। इसी सप्ताह चातुर्मास कलश स्थापना भी होने की संभावना है। चातुर्मास को देखते हुए सामाजिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है।*

# व्यवस्था का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बेलगांव में ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, कलकसा में ग्रामीण औद्योगिक पार्क, मुसराकला में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया।ग्राम मुसराकला एवं बेलगांव में पीएम सूर्यसभा में हिस्सा लिया।

बेलगांव में बरगद पेड़ के नीचे आयोजित पीएम सूर्यसभा में शामिल होकर कलेक्टर ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट करते हुए नालों की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को निःशुल्क परिवहन सुविधा दिलाने के लिए पास देने के लिए कहा। कलेक्टर ने कलकसा में ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निरीक्षण कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां पुराने मसाला मशीन को समूह को सौंप कर संचालित करने कहा। उन्होंने पीनट बटर यूनिट का भी निरीक्षण किया। बर्तन निर्माण यूनिट का निरीक्षण करते हुए पौधरोपण किया।



### बिजली बिल अब शून्य हुआ

*कलेक्टर मुसराकला में आयोजित पीएम सूर्यसभा में शामिल हुए। ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम के 39 घरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगा है। ग्राम की अंजू अग्रवाल ने बताया कि पहले बिजली बिल 3 हजार आता था, जो अब शून्य हो गया है। कलेक्टर ने ग्राम मुसराकला में फिकल स्लज प्लांट जल्द संचालित करने कहा। छीपा के दिव्यांग जयराम यादव को बैटरी ट्रायसायकल दिलाने के निर्देश दिए।*

### ड्रोन से डीएपी छिड़काव का लिया जायजा

*कलेक्टर ने कुर्रूभांट में ड्रोन से नैनो डीएपी छिड़काव का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ड्रोन के माध्यम से नैनो डीएपी छिड़काव से समय और धन की बचत होती है। उन्होंने किसानों को इसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम विश्वास कुमार, जनपद सीईओ भगवती साहू सहित अन्य मौजूद थे।*

# मंत्रियों से क्षेत्र के विकास पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी के नेतृत्व में जनपद पंचायत के प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर जाकर प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व और विधायकों से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, पंडरिया विधायक भावना बोहरा और साजा विधायक ईश्वर साहू से शिष्टाचार भेंट कर विकास कार्यों और स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं, सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की मांग को प्रमुखता से रखा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही विकास परियोजनाओं को गति देने और नए जनहितैषी कार्यों को मंजूरी दिलाने का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव से सड़कों के सुदृढ़ीकरण और पेयजल की व्यवस्था को लेकर अपनी मांगें रखीं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के समक्ष श्री गांधी और पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायतों को मिलने वाली वित्तीय सहायता और ग्रामीण विकास योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन पर चर्चा की। विधायक भावना बोहरा व ईश्वर साहू से सौजन्य मुलाकात की।



### त्वरित कार्रवाई का भरोसा

*मुलाकात के दौरान दोनों उप मुख्यमंत्रियों और विधायकों ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से सुना। मंत्रियों ने आश्वस्त किया कि सरकार ग्रामीण अंचलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौंपे गए ज्ञापनों और मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा आवश्यक फंड जारी करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती, मनीष साहू, कपिल पडोती, जया साहू, किशोर यादव, रामकुमार गुप्ता, रमजान बडगुजर, उमेश साहु, विवेक मंडावी, टुमन साहु, ममता पटेल, रेशमा साहु, दीपकबाई पटेल, द्वारिका टंडन, गैंदाबाई साहु, डोमन पटेल, मनीष पटेल, शिवा यादव, डेविड साहु, महेन्द्रकांत, सेवक, चेतन मानिकपुरी मौजूद थे।*

# उमरवाही को ब्लॉक का दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लाक मुख्यालय छुरिया से करीब 50 से 60 किमी दूर स्थित आदिवासी अंचल के ग्रामीणों ने प्रशासनिक कामकाज में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए उमरवाही को जनपद पंचायत का दर्जा देने की मांग की है। इस मांग को लेकर विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने गुरूवार को रायपुर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह सहित अन्य मंत्रियों से मुलाकात की।

उल्लेखनीय उमरवाही अंचल के ग्रामीणों को जनपद मुख्यएलाय छुरिया जाने के लिए पहले 25 से 30 किमी की दूरी तय डोंगरगांव पहुंचना पड़ता है। यहां से वह छुरिया जाते हैं जिसकी दूरी करीब 25 किमी है। लंबी दूरी के कारण लोगों को आर्थिक नुकसान तो होता है साथ ही लंबी दूरी तय कर छुरिया पहुँचने के बाद ग्रामीणों को जब अधिकारी के नहीं होने की जानकारी मिलती है तो गहरी निराशा होती है। ग्रामीणों ने बताया कि अंचल के लोगों को सालों से प्रशासनिक और राजनीतिक उपेक्षा का सामना पड़ रहा है। ग्रामीण उमरवाही में कालेज खोलने की भी मांग मंत्रियों के समक्ष रखने वाले हैं।

वनांचल के लोगों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए अंचल के पंचायत प्रतिनिधि गुरूवार को एकजुट होकर रायपुर गए हैं। रायपुर गए प्रतिनिधि मंडल में शेख निजामुद्दीन, रामाधीन रावटे, अमनलाल पिस्दा,रामाधार साहु, ठाकुरराम यादव, लक्ष्मीचंद सांखला, गैंदलाल, पुनाराम, देवप्रसाद, झरियार आर्य, रतनलाल, लखनलाल, सुंदरलाल, खेदुराम, पुरषोत्तम कुमार, कांशीराम, नरेश कुमार आदि मौजूद थे।

### इन पंचायतों को मिलेगा लाभ

*जानकारी के अनुसार छुरिया ब्लाक की ग्राम पंचायत गुंडरदेही, गिदर्री, बरबसपुर, संबलपुर, गोडलवाही, बड़गांव, मासुलकसा, करमरी, रतनभाट, महरुम, कलडबरी, नवागांव, चारभांठा, कापा, अरजकुंड, राणा मटिया, चिखलाकसा, मरकाकसा, दानीटोला, सीताकसा, आयबाधा, तुर्रेगढ, पांगरी, साल्हे, लालूटोला, परेवाडीह, धोबनी और लोहारा के ग्रामीणों को सर्वाधिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इन पंचायतों के ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि उमरवाही को ब्लाक मुख्यालय का दर्जा देने की मांग सालों से कर रहे हैं जो अब तक पूरी नहीं सकी है।*



## कलेक्टर और जिपं सीईओ ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

# ग्राम पंचायत कटंगीकला में स्वच्छता मॉडल की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियांवयन को लेकर ग्रापं कटंगीकला में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल व जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों सहित स्वच्छाग्रहियों के साथ संवाद कर गांव की स्वच्छता व्यवस्था का जमीनी स्तर पर अवलोकन किया।

अधिकारियों ने घर-घर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण, स्वच्छता शुल्क संग्रहण सहित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। संवाद दौरान स्वच्छाग्रहियों ने बताया कि सप्ताह में दो बार गांव के प्रत्येक घर से कचरा संग्रहित कर स्वच्छता शेड में उसका पृथक्करण किया जाता है।चार प्रकार के कचरो के पृथक संग्रहण की व्यवस्था को भी चरणबद्ध रूप से लागू किया जा रहा है। अधिकारियो ने ने स्वच्छाग्रहियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनकी समस्या सुनीं और आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

कलेक्टर व सीईओ ने कहा कि विकासखंड की ग्राम पंचायतें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के क्रियांवयन में उल्लेखनीय काम कर रही हैं। सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, स्वच्छाग्रही, बिहान स्व-सहायता समूह की महिलाएं व स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की टीम जनजागरूकता के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता शुल्क का नियमित भुगतान करने और स्वच्छता गतिविधियों में सहभागी बनने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने स्वच्छ गांव, स्वस्थ गांव और विकसित गांव के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।



### नियमित कर रहे भुगतान

*सरपंच जानकी साहू ने बताया कि ग्राम के 380 परिवारों में से 350 परिवार नियमित रूप से स्वच्छता शुल्क का भुगतान कर रहे हैं। इससे अब तक लगभग 52 हजार रुपयो का यूजर चार्ज संग्रहित किया जा चुका है, जिसका उपयोग ग्राम की सफाई व स्वच्छता गतिविधियों के संचालन में किया जा रहा है। जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि स्वच्छ व स्वस्थ गांव के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने वर्तमान मे जारी स्वच्छता शुल्क 10 रुपए प्रतिमाह को बढ़ाकर 20 रुपए प्रतिमाह करने का प्रस्ताव रखा और बताया कि इसी राशि से स्वच्छाग्रहियों का मानदेय, कचरा संग्रहण, परिवहन एवं अन्य स्वच्छता गतिविधियों का संचालन किया जाता है। उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति इस पर सहमति दी। चर्चा दौरान स्वच्छाग्रहियों ने कचरा संग्रहण वाहन में हॉर्न अथवा स्पीकर लगाने की मांग रखी ताकि वाहन के गांव में पहुंचने की सूचना प्रत्येक परिवार तक समय पर पहुंच सके। अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया साथ ही स्वच्छता शेड एवं अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निराकरण का भरोसा भी दिलाया।*

### शत-प्रतिशत पंजीयन करें

*इस दौरान अधिकारियों ने सीएससी संचालक से एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की प्रगति की जानकारी ली। संचालक ने बताया कि ग्राम के कुल 338 किसानों में से 284 किसानों का पंजीयन पूर्ण किया जा चुका है। 24 किसानों का निधन हो चुका है, जबकि शेष 30 किसान वर्तमान में गांव से बाहर होने के कारण पंजीयन नहीं करा सके हैं। अधिकारियों ने शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने कुछ पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की जानकारी भी दी। इस पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ग्राम सचिव को आवास सूची का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान विकासखंड समन्वयक बैद्यनाथ वर्मा, सरपंच जानकी साहू, पूर्व सरपंच तुलाराम साहू, सचिव रूपलाल श्रीवास, रोजगार सहायक टीकम वर्मा, स्वच्छाग्रही, बिहान स्व-सहायता समूह की महिलाएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।*

# संचालनालय का फरमान, हफ्तेभर में वापस आए नहीं तो कटेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की मूल पदस्थापना वाली जगहों पर रवानगी को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश से कलेक्टोरेट में ज्यादातर विभागों का काम लगभग अटक सा जाएगा।जानकारी अनुसार नए जिले में कर्मचारियों की कमी के चलते हुए शिक्षा विभाग के गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जिला कार्यालय मे संलग्र कियागया था।

समय के साथ कुछ की वापसी हो गई लेकिन अभी भी 3 चपरासियों के साथ दो दर्जन कर्मचारी महत्वपूर्ण विभागो की कमना संभाले हुए है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 14 जुलाई को जारी आदेश मे स्पष्ट तौर से कहा गया है कि मूल संस्था मे उपस्थिति आनलाइन एप के माध्यम से नही देने पर उनका जुलाई महीने का वेतन रोक दिया जाएगा।

उक्त आदेश के बाद से जिला कार्यालय मे अफरा तफरी का माहौल बन गया है क्योकि शिक्षा विभाग के इन्ही बाबूओ के पास वित्त, परीक्षा, राहत व राजस्व, अभियोजन, स्थापना, डीएमएफ, स्थानीय निर्वाचन, भंडार, नजूल जैसे जरूरी शाखाओ मे जिम्मेदारी वाला काम है।

### पांच बाबूओं के सहारे जिला कार्यालय

*लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश मे पुराने ओदश का हवाला देते हुए कहा गया है कि विभाग अंतर्गत कार्यरत गैर शैक्षणिक कर्मचारियो का संलग्रीकरण समाप्त कर मूल पदस्थ संस्था या कार्यालय में आनलाईन ऐप में पंजीकरण कर उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने यह भी कहा कि उक्त आदेश के परिपालन को लेकर कर्मचारी गंभीर नही दिख रहे जो सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत कदाचार की श्रेणी का है। संचालनालय ने सभी संलग्र कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर मूल संस्था में उपस्थिति आनलाईन ऐप के माध्यम से नही देने पर जुलाई महीने का वेतन रोकने और अनुशासनात्मक कारवाई की चेतावनी दी है। संचालनालय के उक्त आदेश से जहॉ बाबूओ मे हडकंप मचा हुआ है वही जिला कार्यालय मे भी वरिष्ठ अधिकारियो के सामने उनके घर वापसी के बाद समय पर काम पूरा करना चुनौती बन गया है क्योकि बीते कई सालो से यही कर्मचारी कलेक्टारेट की रीढ़ बने हुए थे।*

### चरमरा जाएगी व्यवस्था

*जानकारी अनुसार जिला कार्यालय मे आज की स्थिति मे राजस्व विभाग के महज पांच कर्मचारी कलेक्टर सहित चार बड़े अधिकारियों के पास काम कर रहे है। शिक्षा विभाग के कर्मचारियो को आदेश के पालन करने की स्थिति में रिलीफ करने से पूरी व्यवस्था चरमरा जाएगी हालांकि जिला कार्यालय के अन्य विभागीय शाखाओं में कर्मचारी मौजूद है, लेकिन उनके पास खुद के विभाग के काम का इतना बोझ है कि वो इन महत्वपूर्ण विभागो की कमान संभालने मे कतराएंगे और ये स्थिति सरकारी योजनाओ की मानीटरिंग को लेकर विकट हो जाएगी।*

## जगन्नाथ प्रभु की लालबाग में निकली भव्य रथयात्रा

**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कॉन्वेंट एवं डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरुभक्ति और उमंग के साथ जगन्नाथ प्रभु रथयात्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने पूरी स्फूर्ति से भाग लिया और विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। रथयात्रा का मार्ग सिंधी कॉलोनी और लालबाग से होकर गुजरा। जिसके पश्चात रथ पुनः शाला परिसर में लौट आया। आयोजन में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही और सभी ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ इस धार्मिक परंपरा का आनंद लिया। शाला संचालक संजय बहादुर सिंह तथा मनीषा सिंह ने परिवार सहित पूजाआरती की और कार्यक्रम की भव्यता पर संतोष व्यक्त किया। शाला प्रबंधन समिति प्रेसीडेंट डॉ. सविता जेबी सिंह, वाइसप्रेसीडेंट अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, इला सिंह, जाह्नवी सिंह, समाजसेवी गुरमुख दास वाधवा, इंद्रकुमार वैष्णव और कौशल शर्मा ने आयोजन पर खुशी और आनंद व्यक्त किया। बरसर डॉ. इंद्रकुमार वैष्णव, अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्य एकता खंडेलवाल, उपप्राचार्य ममता मिश्रा, प्रधान पाठिका डॉ. सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा, अनमोल सोनी, आशुतोष तिवारी, आशुतोष ठाकुर, वशिष्ठ वाडेकर, आयुष मारजीवे, दिशा गुप्ता, दिव्या साहू, नवीन शर्मा, इमरान जिंदरान, नवीन प्रकाश श्रीवास्तव, अजय किशोर बिसेन, शाला परिसर के पंडितजी, कोषाध्यक्ष डॉ. आईके वैष्णव ने भी सहर्ष बच्चों के साथ भाग लेते हर्ष प्रकट किया।



# राम मंदिर चंदा और चढ़ावा घोटाले को लेकर कांग्रेस का भाजपा पर हमला

## सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



- भाजपा, आरएसएस एवं श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर गंभीर आरोप

जिला कांग्रेस की प्रेस वार्ता में कार्यक्रम प्रभारी व पूर्व विधायक छन्नी साहू ने राम मंदिर से जुड़े कथित चंदा और चढ़ावा घोटाले को लेकर भा ज पा आरएसएस और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर गंभीर आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भगवान राम करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक हैं लेकिन उनके नाम पर जुटाए गए चंदे और चढ़ावे में कथित अनियमितताओं ने देशभर के श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है। छन्नी साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने सालो तक भगवान राम के नाम पर राजनीति कर जनता से चंदा एकत्र किया और अब उसी धन के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल खड़ा हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक अनियमितता का मामला नहीं बल्कि करोड़ों रामभक्तों की आस्था और विश्वास के साथ कथित विश्वासघात है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस ने सवाल उठाया कि यदि ट्रस्ट में सब कुछ पारदर्शी था तो तत्कालीन महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने इस्तीफा क्यो दिया। पार्टी ने यह भी पूछा कि जब ट्रस्ट के गठन और शीर्ष नियुक्तियों में केंद्र सरकार की भूमिका रही तो इस पूरे प्रकरण की नैतिक जिम्मेदारी कौन लेगा।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, आकाशदीप सिंह गोल्डी, भीखमचंद छाजेड़, सुशीलकांत पांडेय, जितेंद्र सिंह गौर, देवराज किशोर दास, मयूरी सिंह, सज्जाक खान, अरुण भारद्वाज, मनराखन देवांगन, किशन रजक, रिंक्कू गुप्ता, यतेंद्रजीत सिंह, रविंद्र सिंह गहरवार, द्रौपती वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जवाबदेही तय नहीं

*कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि मीडिया रिपोर्टों और सार्वजनिक बयानों के आधार पर ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन नकद चढ़ावे फर्जी रसीदों भूमि खरीद और बड़े आयोजनों में हुए खर्च को लेकर कई सवाल उठ रहा है। उनका कहना था कि केवल छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है जबकि शीर्ष पदाधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की गई। प्रेस वार्ता में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूरे मामले पर सार्वजनिक जवाब देने की मांग की साथ ही चंपत राय अनिल मिश्रा सहित कथित रूप से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र न्यायिक जांच, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग कर नया पारदर्शी ट्रस्ट बनाने और चंदे और चढ़ावे का फॉरेंसिक ऑडिट कराने की मांग की। कांग्रेस ने कहा कि भगवान राम किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था हैं। पार्टी का आरोप है कि यदि कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो जनता का विश्वास कमजोर होगा।*

# अविश्वास प्रस्ताव में सरपंच ने अपने ही खिलाफ डाला वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- अजीबो गरीब मामला, गिनती करने वाले कर्मचारी भी रह गए हक्के बक्के

जिसके खिलाफ अविश्वास के लिए चुनाव हुआ उसी ने अपने खिलाफ वोट डाला। वाकिया ब्लाक के ग्राम पंचायत सोनभट्ठा का है जहॉ सरपंच कुमारी बाई बंजारे के खिलाफ पंचों ने वित्तीय अनियमितता, पारित प्रस्ताव को नकारने जैसे आरोप लगाते हुए 7 जुलाई को विधिवत आवेदन देकर अविश्वास प्रसताव की मांग की। दो दिन बाद 9 जुलाई को सूचना प्रकाशन हुआ और दस जुलाई को एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने इस आशय का पत्र जारी अतिरिक्त तहसीलदार आशीष देवहारी को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करते हुए उनकी अध्यक्षता मे बुधवार 15 जुलाई को अविश्वास प्रस्ताव के मामले मे सम्मेलन कराने कहा। निर्धारित समय पर पंच भी पहुंचे और अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा बाद मतदान का निर्णय लिया गया। मतदान में ग्राम पंचायत सोनभट्ठा के 13 वार्ड पंच और आश्रित ग्राम मुड़भादुर के 5 वार्ड पंच सहित वर्तमान सरंपच को शामिल किया गया। बकायदा पीठासीन अधिकारी की मौजूदगी में मतदान कराया गया और मतदान बाद जब गणना हुई तो गिनती करने वाले कर्मचारी भी हक्के बक्के रह गए।

गणना दौरान 18 पंचों के अलावा स्वयं कुमारी बाई बंजारे ने अपने खिलाफ मतदान कर सबको चौंका दिया। आश्चर्यजनक घटना से चुनाव करने वाले अधिकारी कर्मचारी सहित आसपास मौजूद ग्रामीणों को कुछ समझ नही आया तो फिर पर्चियों की गणना कराई गई, लेकिन दुबारा गणना के बाद भी परिणाम पहले जैसा ही रहा। उपसरपंच खोमलाल देवांगन अब अगले आदेश तक सरपंच का कार्यभार संभालेंगे हालांकि इस संबंध में आदेश जारी नही हुआ है, लेकिन एससी महिला सीट को लेकर चुनाव होने तक सोनभट्ठा की कमान अब उपसरपंच के हाथों होगी।




### प्रक्रिया से कराया गया अवगत

अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सारे लोगों को पक्ष विपक्ष की सारी प्रक्रिया से अवगत कराया गया था। गणना में 18 पंचों सहित सरपंच ने भी अपने खिलाफ मतदान किया है।

- **आशीष देवहारी,** पीठासीन अधिकारी व तहसीलदार

### प्रक्रिया नहीं समझ पाई सरपंच

*मामले को लेकर पता चला है कि सरपंच कुमारी बाई बंजारे महज पांचवीं तक पढ़ी है और पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रक्रिया से अगवत कराने के बाद भी वो समझ नही पाई और उन्होंने अपने ही खिलाफ मतदान कर दिया। कुमारी बाई बंजारे का कहना है अल्प शिक्षित होने के कारण वार्ड पंच उस पर शुरू से दबाव बनाते आ रहे थे। सरकारी राशि के बंदरबांट को लेकर अनाप-शनाप मांग करते थे उनके मना करने पर सभी ने एकजुट होकर उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया था।*

# एसडीएम ने दी नैतिक मूल्यों पर जानकारी

**खैरागढ़।** एसडीएम ने पदुमलाल पुन्नालाल सेजेस शाला का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओ का जायजा लिया। निरीक्षण दौरान एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने नैतिक मूल्यों की जानकारी दी। कक्षा बारहवीं के छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए एसडीएम ने पहले उनके प्रश्नों का संग्रह किया गया जिसके बाद प्रश्नों का भारतीय संस्कृति के धार्मिक ग्रंथ रामायण व महाभारत के प्रसंगों व उसमें उल्लेखित पात्रों के माध्यम से रोचक शैली मे जवाब देकर संतुष्ट किया। जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास बनाए रख बिना मानसिक तनाव के लक्ष्य को हासिल करने और बेहतर कैरियर निर्माण को लेकर उन्होंने मार्गदर्शन दिया। नशा और हिंसा से दूर रहते हुए अपने परिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने की सलाह दी। व्याख्याता किरण सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्राचार्य अनुराग सिंह, व्याख्याता, संजय श्रीवास्तव, नरेन्द्र साहू सहित विद्यालय परिवार के अन्य उपस्थित थे।



# एडवर्ड पार्क जमीन विवाद पहुंचा प्रधानमंत्री कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- पीएमओ ने मुख्य सचिव को भेजा कार्रवाई का निर्देश

शहर के बहुचर्चित एडवर्ड पार्क जमीन विवाद मामले ने अब राज्य स्तर से आगे बढ़कर प्रधानमंत्री कार्यालय तक भी दस्तक दी थी। इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक पत्र से स्पष्ट हुआ है कि शिकायतकर्ता की ऑनलाइन याचिका प्राप्त होने के बाद उसे आवश्यक कार्रवाई के लिए मुख्य सचिव छग शासन को अग्रेषित किया गया था।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 10 जून 26 को जारी पत्र में उल्लेख किया है कि शिकायतकर्ता द्वारा 30 मई 26 को पीएमओ के जन शिकायत पोर्टल पर प्रस्तुत ऑनलाइन याचिका प्राप्त हुई। पत्र में राज्य शासन को निर्देशित किया गया है कि मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को उत्तर भेजा जाए व कार्रवाई प्रतिवेदन की प्रति पीएमओ पोर्टल पर भी अपलोड की जाए। इस पत्र से यह स्पष्ट होता है कि शिकायतकर्ता ने स्थानीय स्तर पर शिकायत करने के साथ-साथ मामले को प्रधानमंत्री कार्यालय के जन शिकायत पोर्टल तक भी पहुंचाया था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शिकायत के तथ्यों पर कोई टिप्पणी किए बिना नियमानुसार इसे कार्रवाई के लिए राज्य शासन को अग्रेषित किया।



### जिले में पहले से चल रही है जांच

*इसी जमीन विवाद को लेकर जिला प्रशासन स्तर पर पहले से जांच प्रक्रिया जारी है। अपर कलेक्टर स्तर पर जांच की जा रही है, जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा विभिन्न राजस्व अभिलेख, पुराने दस्तावेज और अन्य रिकॉर्ड प्रस्तुत किया गया हैं। हाल ही में संबंधित पक्ष द्वारा अपना जवाब भी प्रस्तुत किया गया है, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने विस्तृत प्रतिउत्तर भी जांच अधिकारी को सौंपा है।*

### प्रशासन से मांगा गया कार्रवाई प्रतिवेदन

*पत्र के अनुसार मुख्य सचिव कार्यालय के माध्यम से संबंधित विभाग को मामले में आवश्यक कार्रवाई कर उसका उत्तर शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराने और कार्रवाई प्रतिवेदन को पीएमओ पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि शिकायत का निस्तारण औपचारिक प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत किया जाना अपेक्षित था। जमीन विवाद में अब तक शिकायत, दस्तावेज, संबंधित पक्ष का जवाब, शिकायतकर्ता का प्रतिउत्तर और प्रधानमंत्री कार्यालय से राज्य शासन को भेजा गया अग्रेषण पत्र सामने आ चुका है। ऐसे में जिले की निगाहें अब अपर कलेक्टर स्तर पर चल रही जांच पर टिकी हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जांच उपलब्ध दस्तावेजों और राजस्व अभिलेखों के आधार पर किस निष्कर्ष तक पहुंचता है।*

## संवर्धन एवं पौधों की देखभाल का लिया संकल्प

# अमलीडीह कला स्कूल में पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान व जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमलीडीह कला में वृहद वृक्षारोपण किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच रूपेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए।

इस दौरान प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, सचिव संजय वर्मा, स्वामी राम वर्मा, नरोत्तम वर्मा,चंद्रिका कोहराम, गीता वर्मा, प्रियंका यादव, सीमा मानिकपुरी, सीमा यादव, इंदु मानिकपुरी सहित विद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में बालक-बालिका उपस्थित थें जिन्होने पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं पौधों की नियमित देखभाल का सामूहिक संकल्प लिया।

### जागरुकता का संदेश

*उप सरपंच युवराज वर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। प्रधान पाठक रूपेश कुमार देवांगन ने सभी अतिथियों व उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित व हरित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने पौधों की सुरक्षा व नियमित देखभाल का संकल्प लिया।*

## आसरा में बाल भारती का गठन



**राजनांदगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर आसरा में बच्चों को मतदान का महत्व समझाने विद्यालय में बाल/शिशु भारती का गठन किया गया। जिसमें बच्चों को प्रधानाचार्य के सानिध्य में विभिन्न दायित्वों का प्रभार सौंपा गया। इसमें सेनापति हर्षा कंवर, उपसेनापति सोहम साहू, अनुशासन प्रभारी काव्या साहू एवं जानवी साहू, स्वच्छता प्रभारी अल्का कंवर एवं ममता साहू, जल प्रभारी भैया लिलान, प्रेमप्रकाश एवं टाकेश्वर, खेल प्रभारी वेदांत निषाद एवं तेजल साहू, चिकित्सा प्रभारी यमेश साहू एवं राजेंद्र कंवर, योग प्रभारी होमिका साहू एवं यामिनी कंवर, सांस्कृतिक प्रभारी मोनिका साहू एवं डकेशा साहू, खोया पाया प्रभारी तामेश साहू एवं कुंती नेताम तथा प्रार्थना प्रभारी कृष साहू एवं यश कंवर आदि बच्चों को बाल भारती पदाधिकारी बनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भगवान दास साहू, आचार्य पवन यादव, विजय साहू, संतोष मिश्रा, पालन दास, आचार्या जितेश्वरी पंचारी, पुष्पा साहू, दुर्गा मानिकपुरी, यामिनी साहू, हिरौन्दी लहरे, सुमन साहू ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। साथ ही आचार्य पालन दास द्वारा सभी बच्चों को शपथ दिलाकर दायित्व निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया।

## सार समाचार



**राजनांदगांव।** नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भाजपा सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ की टीम ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अमित शाह ने छत्तीसगढ़ भाजपा सोशल मीडिया टीम के साथ प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के प्रयासों की सराहना करते टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### प्रदेश अध्यक्ष बैज को जिलाध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के जन्मदिन पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के अध्यक्ष विपिन यादव अपने साथी कांग्रेसजनों के साथ रायपुर स्थित राजीव भवन पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विपिन यादव ने दीपक बैज को गुलदस्ता भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, खुशहाल जीवन एवं सफल नेतृत्व की कामना की। कांग्रेसजनों ने केक काटकर जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया और उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। विपिन ने कहा कि बैज के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस जनहित के मुद्दों को पूरी मजबूती से उठा रही है। संगठन लगातार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा और आमजन की आवाज बनकर संघर्ष कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनता का विश्वास लगातार बढ़ेगा। इस अवसर पर राहुल तिवारी, पंकज बांधव, रितेश जैन, चुम्मन साहू, सीमा यादव, जितेंद्र सिंह भाटिया, चुम्मन साहू, मतीन खान, प्रकाश शर्मा, अमित अग्रवाल, राजू सिंह राजपूत, भीखम देवांगन, रजिल कुरैशी एवं पन्ना लाल देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।



### नीरज विद्या मंदिर में टीकाकरण

**राजनांदगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड में भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 14 से 15 वर्ष आयु विशेष की बालिकाओं के लिए कार्यशला का आयोजन किया गया। जिसमें डोंगरगांव सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र के अधिकारियों ने किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में संस्था की किशोरी बालिकाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी रही। कार्यशाला के पूर्व संस्था प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने स्वास्थ्य टीम के अधिकारी-कर्मचारियों का पुष्पगुच्छ एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कार्यशला संबंधी महत्त्वपूर्ण जानकारियां छात्राओं को दी। डॉ.भूमिका तिवारी ने लक्षित आयु समूह की बालिकाओं को एचपीव्ही टीकाकरण की आवश्यकता एवं सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु आवश्यक जानकारियां प्रभावी ढंग से देते इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आयुश मेडिकल ऑफिसर डॉ. भूमिका तिवारी, डॉ. आशीष राव एवं आसरा पर्यवेक्षक अनिल कुमार बोरकर, सीएचओ प्रज्ञा ठाकुर, आरएचओ सीमा वर्मा आदि उपस्थित थी। टीकाकरण बालिकाओं को स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यशाला में संस्था के प्रशासक जी. राम सिन्हा, शिक्षिका सुरभि लॉरेंस एवं व्याख्याता चेतन पटेल का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।



### मानव नवनिर्माण संस्थान की वार्षिक आमसभा आयोजित

**राजनांदगांव।** राज्य की प्रमुख समाजसेवी संस्थान मानव नवनिर्माण संस्थान की वार्षिक साधारण सभा आयोजित हुई। बैठक में बीते वित्तीय वर्ष में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में आगामी तीन वर्षों के लिए आजीवन सदस्य किरण दुबे को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। कंचन बाग स्थित मानस के कार्यालय में रविवार को आयोजित वार्षिक आमसभा में सदस्यों की सामान्य उपस्थित होते ही शुरू हो गई। संस्था के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पटेल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते संस्था के गतिविधियों को विस्तार से सदन में रखा। किए गए कार्यों को समर्पण भाव से संपन्न करने सदस्यों को सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। मानस संस्थान की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो गया। जिसके कारण वर्तमान अध्यक्ष अजय साहू का कार्यकाल भी स्वतः समाप्त हो गया। आरती सोनबेर ने नए अध्यक्ष के लिए किरण दुबे के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। जिसके बाद सदन में सदस्यों ने आगामी वर्ष के लिए संचालित की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। साथ ही संपादित कार्यों की नियमित बैठक कर समीक्षा करने का प्रावधान रख गया। नवनियुक्त अध्यक्ष किरण दुबे ने सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते कहा कि हम सब मिलकर काम करेंगे। बैठक में डॉ. बसंत सोनबेर, डोलकुमारी पटेल, आलोक जोशी, श्वेता जोशी, लोकेश सवानी और उमाशंकर शर्मा उपस्थित थे।



### ठेठवार समाज के युवाओं ने भरी हुंकार

**राजनांदगांव।** ठेठवार समाज के युवाओं को संगठित कर समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते प्रस्तावित ठेठवार युवा सम्मेलन की प्रथम बैठक रविवार को रेस्ट हॉउस में संपन्न हुई। बैठक में समाज के भविष्य, युवाओं की भूमिका, शिक्षा, स्वरोजगार, गौ संरक्षण, नकली दुग्ध उत्पादन पर रोक तथा सामाजिक एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर एवं सकारात्मक विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का समापन भगवान श्रीकृष्ण की आरती के साथ हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नागेश यदु कहा कि समाज का विकास तभी संभव है, जब युवा संगठित होकर शिक्षा, सामाजिक सेवा, रोजगार, स्वरोजगार और जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने युवाओं से सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के साथ नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का आह्वान किया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 अगस्त को भव्य ठेठवार युवा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेशभर से समाज के युवाओं, वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक नेतृत्व को आमंत्रित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, सामाजिक नेतृत्व, कौशल विकास, गौ संरक्षण एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरित करना होगा।

## निगम व यातायात अमला ने बाजार क्षेत्र में किया भ्रमण

# यातायात व्यवस्था सुचारू रखने दुकान के बाहर न रखे सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाजार क्षेत्र में यातायात का दबाव कम करने तथा सुगम आवागमन के लिए गुरुवार को नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप, प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम एवं निगम व यातायात की टीम के साथ शहर के प्रमुख मार्ग गुडाखू लाइन में पैदल भ्रमण कर दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने एवं समान दुकान के अंदर रखकर व्यवसाय करने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्गों सिनेमा लाइन, हलवाई लाइन, सदर लाइन, गुडाखू लाइन,



कामठी लाइन, रामाधीन मार्ग, जूनीहटरी, फल मार्केट सहित अन्य मार्गों के दुकानदारों द्वारा सामान बाहर रखकर एवं सामान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है एवं आवगमन में असुविधा होती है, जिसे ध्यान में रखकर आयुक्त श्री मरकाम ने यातायात प्रभारी तथा निगम व यातायात की टीम के साथ गुड़ाखू लाइन में भ्रमण कर सामान दुकान के अंदर रखने समझाइश दिया।

### बनी रहती है दुर्घटना की संभावना

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि शहर के व्यस्तम मार्गों के दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान की सीमा के बाहर प्लेटफार्म तथा सड़क पर सामान रखकर व्यवसाय किया जाता है तथा कपड़ा व अन्य सामान बाहर लटकाया जाता है। जिससे पार्किंग में असुविधा होने के साथ-साथ यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा दुकान में भी खरीददार पार्किंग के अभाव एवं खड़े होने की जगह नहीं होने पर उक्त दुकान में खदीददारी करने नहीं जाते। जिससे दुकानदारों को भी नुकसान होता है, इन्हीं बातों को व्यापारियों को उनके दुकान में जाकर समझाईस दी गई कि वे सामान दुकान के अंदर रखे तथा रोड में बने सफेद पट्टी के अंदर पार्किंग करें। उन्होंने दुर्घटना रोकने एवं शहर को व्यवस्थित करने में सहयोग करने व्यापारियों से अपील की है। इस अवसर पर निगम व यातायात का अमला उपस्थित था।

### राजपूत समाज भवन में आठ एसी लगाने मेयर ने की घोषणा

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के राजनांदगांव प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के पदाधिकारियों ने जब उनसे सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा के लिए मुलाकात करने पहुंचे, उस समय रोचक और यादगार माहौल बन गया, जब समाज की महिलाओं ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के समक्ष समाज भवन के लिए आठ वातानुकूलित (एसी) लगाने की मांग रखी। मांग पूरी होने से पहले ही महापौर मधुसूदन यादव ने मुस्कुराते हुए ऐसा जवाब दिया कि पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। महापौर ने कहा कि छोटे-मोटे कामों के लिए बघवा को क्यों परेशान करना,



चीते काफी हैं। उनके इस बयान का आशय साफ था कि समाज भवन में एसी लगाने जैसा कार्य स्थानीय स्तर पर ही पूरा कर दिया जाएगा और इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष को परेशान करने की जरूरत नहीं है। महापौर ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मौजूदगी में ही समाज भवन में आठ एसी लगवाने की घोषणा कर दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कनकलता सिंह, रेखा सिंह, सुधा पवार, निशा सेंगर, अंजू सिंह, स्वाति चौहान, डिंपल भदौरिया सहित महिला विंग की पदाधिकारी एवं समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बुधवार को ग्राम बोरतालाब में अवैध खनन से हुए गड्ढे में पानी भरने से तीन बच्चों की मौत हो गई। जिसके बाद इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश नजर आ रहा। गुरुवार को कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ एसडीओपी को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने मांग की गई है। एसपी को दिए ज्ञापन में कहा गया कि रेलवे की तीसरी लाइन निर्माण हेतु यहां खनन किया गया था। खनन किसके कहने पर हुआ, स्पष्ट नहीं है। जिसकी जांच की जाए। वहीं लापरवाहीपूर्वक गड्ढे को मिट्टी भरकर समतल नहीं किया गया था। जिसके चलते यह हादसा हुआ और बच्चों की जान चली गई।

### गड्ढों को भरवाने ज्ञापन

*ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोगों ने कहा कि कई स्थानों पर रेलवे के कार्य के लिए मुरूम निकालकर उन स्थानों को ऐसे ही खुला छोड़ दिया गया है, जो इंसान और जानवर दोनों के लिए खतरनाक है। ऐसे सभी स्थान का तहसीलदार द्वारा निरीक्षण कर अवैध रूप से कार्य किए जाने वालों के ऊपर दंडनात्मक कार्रवाई करने और गड्ढों को पटवाने की मांग प्रशासन से की गई है।*

### छह दोषियों पर एफआईआर की मांग

*जिला कांग्रेस महामंत्री विजयराज सिंह और अन्य लोगों ने कहा कि यह दुर्घटना नहीं हत्या है। इसके लिए तत्कालीन कार्य एजेंसी रेलवे ठेकेदार, इंजीनियर और जमीन मालिक जिसने अपनी जमीन खोदने की सहमति दी है, तत्कालीन माइनिंग अधिकारी एवं तहसीलदार, तत्कालीन थाना प्रभारी जिनके द्वारा अवैध उत्खनन भारी वाहनों के आवाजाही पर ध्यान नहीं दिया, सभी दोषी नजर आ रहे हैं। ज्ञापन में सभी को दोषी बताते उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने मांग की गई है।*

# छात्र युवा मंच की बैठक आयोजित

- 5 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य
- 16 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच की प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों एवं मार्गदर्शकों की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान जागरूकता, युवा नेतृत्व विकास, संगठन विस्तार एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर गहन मंथन करते 16 महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि छात्र युवा मंच द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी युवा प्रतिभा खोज परीक्षा 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की भावना विकसित करना ही नहीं, बल्कि उन्हें रक्तदान, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, यातायात नियम, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक बनाना भी है। संगठन ने बताया कि परीक्षा प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप ओएमआर शीट एवं ऑनलाइन पैटर्न पर आयोजित की जाएगी। जिससे विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं का अनुभव प्राप्त होगा। बैठक में प्रथम चरण की परीक्षा में रक्तदान जागरूकता, हार्टअटैक, कैंसर



जैसी गंभीर बीमारियों के कारण, बचाव एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न शामिल किए जाएंगे। संगठन के सभी पदाधिकारी अपने-अपने विषयों पर 50-50 प्रश्न तैयार करेंगे। प्रदेश सह-संगठक दीपक देवांगन के जन्मदिवस 2 अगस्त से परीक्षा अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। प्रथम चरण में 50 विद्यालय एवं 10 महाविद्यालयों में परीक्षा आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। प्रत्येक पदाधिकारी को एक-एक विद्यालय का प्रभारी बनाया जाएगा। प्रथम चरण की परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क होगी। परीक्षा कक्षा 9वीं से स्नातकोत्तर तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। द्वितीय चरण की परीक्षा 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित की जाएगी। द्वितीय चरण का विषय छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के स्वप्नदृष्टाओं का जीवन एवं योगदान रहेगा। द्वितीय चरण की परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होगी तथा प्रतिभागियों को अध्ययन सामग्री एवं प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

# पारुल को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

## मुख्य अतिथि डॉ. द्विवेदी के हाथों मिला सम्मान

- देशभर से 700 आवेदनों में 250 शिक्षकों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 2026 का आयोजन 15 जुलाई को राजधानी रायपुर में किया जाएगा।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक हरिभूमि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी संजय अग्रवाल संस्थापक एनआर स्टील ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. चितरंजन कर, डॉ. पूर्णानंद मिश्रा उपस्थित थे। राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए



देशभर से लगभग 700 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी आवेदनों का गहन अध्ययन, मूल्यांकन एवं सत्यापन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के उच्च स्तरीय पैनल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया। वहीं देश के विभिन्न राज्यों से 250 उत्कृष्ट शिक्षकों का अंतिम चयन सम्मान के लिए हुआ। जिसमें राजनांदगांव जिले से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेडेसरा की शिक्षिका पारुल चतुर्वेदी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षिका पायल चतुर्वेदी ने अपने विद्यालय और समुदाय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों, बाल-केंद्रित गतिविधियों, नैतिक मूल्यों के संवर्धन, डिजिटल शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में योगदान दिया है।

# साव के मरणोपरांत मेडिकल कॉलेज में किया देहदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बसंतपुर क्लब चौक के सेवकदास साव ने अपने पुत्रों व पुत्रियों से सहमति लेकर मरणोपरांत शरीर को मेडिकल कॉजेल में प्रशिक्षणार्थी डॉक्टरों की प्रशिक्षण हेतु सौंप देना, ताकि एमबीबीएस डॉक्टर बनकर हजारों व्यक्ति का इलाज करें, मेरे शरीर का कोई भी अंग काम आए तो उसका उपयोग करने घोषणा पत्र पूर्व में भरे थे। 13 जुलाई 2026 को स्वर्गवास हो गया।

विधिवत रूप से पुलिस थाना में सूचना देकर उनके मृत शरीर को मेडिकल कॉलेज सुंदरा में प्रशिक्षाथियों के लिए सौंप दिया गया है। यह जानकारी जगदीश साहू द्वारा दी गई।

# एनसीसी नेवल के कैडेट्स ने जीते स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र के आईएनएस शिवाजी लोनावला में आयोजित प्रतिष्ठित ऑल इंडिया नौ सैनिक कैंप (एआईएनएससी) 2026 में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ (एमपी एवं सीजी) एनसीसी निदेशालय ने देशभर के सभी 17 एनसीसी निदेशालयों को पीछे छोड़ते ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कैंप में देशभर से 600 से अधिक चयनित कैडेट्स ने भाग लिया। इस कैम्प में दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी नेवल के कैडेट्स लेखराम, नीरज, प्रेमप्रकाश, यीशु दास दास ने भाग लिया।

दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.



सुचित्रा गुप्ता द्वारा ऐतिहासिक राष्ट्रीय सफलता के पीछे मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय की विभिन्न नेवल एनसीसी यूनिट्स के अधिकारियों, पीआई स्टाफ, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स (एएनओ), गर्ल कैडेट इंस्ट्रक्टर्स (जेसीआई) तथा अन्य प्रशिक्षण एवं प्रशासनिक स्टाफ का समर्पित मार्गदर्शन, कठोर प्रशिक्षण, सामूहिक प्रयास हेतु बधाई दी।

एनसीसी नेवल अधिकारी विकास कांडे ने बताया कि कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैम्पियनशिप का गौरव हासिल किया। विभिन्न कठिन एवं तकनीकी प्रतियोगिताओं जैसे बोट पुलिंग, शिप मॉडलिंग, फायरिंग तथा सिमाफोर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते महाविद्यालय के कैडेट लेखराम, कैडेट नीरज वर्मा, कैडेट प्रेमप्रकाश ने स्वर्ण पदक, कैडेट यीशु दास दास ने कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय के साथ-साथ जिले का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने एनसीसी नेवल अधिकारी एवं सभी कैडेटस को बधाई दी।

# हड़ताल व विस घेराव में जिले के शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर 15 जुलाई को रायपुर के तूता मैदान में प्रदेशव्यापी एक दिवसीय हड़ताल, धरना-प्रदर्शन एवं विधानसभा घेराव का आयोजन किया गया। इस आंदोलन में प्रदेशभर से लाखों शिक्षक शामिल हुए। राजनांदगांव जिले से भी हजारों शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू के नेतृत्व में शामिल हुए और अपनी सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन करते सरकार का ध्यान आकर्षित किया। सभा को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार राठौर ने कहा कि यह आंदोलन किसी शौक का परिणाम नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की लगातार बनी हुई उदासीनता के कारण शिक्षकों की विवशता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए "मोदी की गारंटी" के वादों को सरकार शीघ्र पूरा करे तथा शिक्षकों की न्यायोचित मांगों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो फेडरेशन भविष्य में इससे भी व्यापक आंदोलन करने बाध्य होगा।

प्रांतीय पदाधिकारियों कमल वर्मा, बसंत कौशिक, मनीष मिश्रा, राकेश साहू, सिराज बख्श, अश्वनी कुर्रे एवं शंकर साहू सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से लंबित मांगों का निराकरण अब और टाला नहीं जा सकता।



### फेडरेशन की प्रमुख सात सूत्रीय मांगे

टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करते वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा हेतु विभागीय परीक्षा आयोजित की जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना करते वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नति का लाभ दिया जाए। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पदोन्नति में वरिष्ठता का पूर्ण पालन किया जाए तथा टीईटी की समय-सीमा 30 अगस्त 2028 तक सुनिश्चित की जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से समस्त सेवाकाल की गणना कर सभी सेवा लाभ प्रदान किए जाएं। एकल शिक्षकीय विद्यालयों में तत्काल अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति कर शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। विद्या समीक्षा केंद्र ऐप की तकनीकी एवं नेटवर्क संबंधी समस्याएं पूर्णतः दूर होने तक ऑनलाइन उपस्थिति को शिक्षकों के वेतन का आधार न बनाया जाए। युक्तियुक्तकरण नीति के तहत मर्ज किए गए प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों को विद्यालय प्रबंधन समिति में कोषाध्यक्ष का प्रभार प्रदान किया जाए।

### आंदोलन में हुए शामिल

राजनांदगांव जिले से आंदोलन में शामिल पदाधिकारियों में रमेश साहू, ओमप्रकाश साहू, अमिताभ दुफारे, बंदीश नेमपांडे, अमीन कुरैशी, ललित प्रताप सिंह, सुशील देवांगन, अजय कड़व, कीरत गणवीर, सूरज शर्मा, रोशनलाल साहू, हीरालाल मौर्य, प्यारेलाल साहू, भीष्म तिवारी, लेखदास साहू, सोनेश्री पाटिल, डालेश्वर देवांगन, नंदकुमार साहू, खिलावन ठाकुर, खिलावन निर्मलकर, विष्णुप्रसाद साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, पुष्पांजलि चंद्राकर, अश्वनी साहू, प्रीतिबाला लाटिया, अनिता देवांगन, जितेन्द्र हिरवानी, श्रद्धा दुफारे, हीरा लाल सबर, भीखम दास साहू, संजीव गंधर्व, शशिकांत उइके, मेहेतराम सोनकर, रोहनी पटेल, चतुर सिंह कंवर, शिवशंकर नेताम, चरणदास साहू, रेवती रमण वैष्णव, प्रहलाद देवांगन, रामनारायण साहू, राजेश पंच भाई, भीखूराम साहू, लक्ष्मण भगत, शिवप्रसाद पिसदा, अश्विनी साहू, श्यामलाल ठाकुर, लक्ष्मीनारायण साहू, रमेश सिन्हा, भोजराम नायक, रूमलाल नायक, केदार नेताम, मोहन साहू, इंद्रकुमार सिन्हा, नरेंद्र चंद्रवंशी, नारायण साहू सहित अन्य शामिल हुए।

# विस की कार्रवाई का प्रतिनिधि मंडल ने किया अवलोकन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के छठवीं विधानसभा के दशम सत्र (जुलाई 2026) के दौरान प्रतिष्ठित दर्शक दीर्घा में उपस्थित होकर विधानसभा की कार्रवाइ का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल को प्राप्त हुआ। लगभग एक घंटे तक सदन की कार्रवाई को निकट से देखते संसदीय परंपराओं, विधायी प्रक्रिया एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की कार्यशैली को बारीकी से समझा गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह गरिमापूर्ण ढंग से सदन की कार्रवाई का संचालन करते आसंदी को सुशोभित कर रहे थे। उनकी कार्यशैली एवं संसदीय मर्यादाओं के निर्वहन ने प्रतिनिधि मंडल को विशेष रूप से प्रभावित किया। विधानसभा की कार्रवाई उपरांत राजगामी न्यास संपदा राजनांदगांव की अध्यक्ष पूर्णिमा साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके कक्ष में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व सरपंच देवलाल साहू, डॉ. महेश साहू, अंकालू साहू सहित साहू समाज के अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## सार समाचार

### प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज रवाना, 19 को बैठक

**राजनांदगांव।** केंद्रीय अग्रहरि समाज (अखिल भारतीय अग्रहरि समाज) की 20वीं कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 19 जुलाई को प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) के होटल कान्हा श्याम में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि करेंगे। बैठक में समाज की वर्तमान परिस्थितियों, संगठनात्मक विषयों, भावी कार्ययोजना एवं समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रहरि, राष्ट्रीय मंत्री संतोष अग्रहरि, राष्ट्रीय मंत्री राजेश गुप्ता अग्रहरि, प्रदेश अध्यक्ष सुजीत अग्रहरि, महामंत्री मनोज अग्रहरि, संरक्षक केके गुप्ता अग्रहरि, राजकुमार अग्रहरि, लखन अग्रहरि, रमाशंकर अग्रहरि, राधेश्याम अग्रहरि, मनोज अग्रहरि, अंकित शाह, देवेन्द्र अग्रहरि, सौरभ अग्रहरि, विकास , डॉ. निर्मला गुप्ता सहित छत्तीसगढ़ अग्रहरि समाज के प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज के लिए रवाना हुए।

### स्थायी समिति की बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत के सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति की बैठक 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभाग से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

### लोक कलाकारों ने दी तीजनबाई को श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** विश्वविख्यात पंडवानी गायिका स्व. तीजनबाई के दशगात्र कार्यक्रम का आयोजन उनके ननिहाल ग्राम गनियारी (उतई) जिला दुर्ग में भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों, लोक कलाकारों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा प्रदेशभर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने स्व. तीजनबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि तीजनबाई ने अपनी विलक्षण प्रतिभा, अथक साधना और अद्वितीय प्रस्तुति शैली के माध्यम से पंडवानी को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कर छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया। इस अवसर पर राजनांदगांव से भी साहित्यकारों, लोक कलाकारों एवं संस्कृति प्रेमियों का प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ।इस अवसर पर पूनम विराट, कविता वासनिक, महादेव हिरवानी, तरुणा साहू, लखनलाल साहू, प्रीतम कोठारी, हिमानी वासनिक, नैना साहू, तोषण साहू, कामेश साहू सहित अन्य साहित्यकार, कलाकार एवं संस्कृति प्रेमी उपस्थित रहे।



## निधन

### रामरतन सिन्हा



**राजनांदगांव।** शहर के वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत्त इंजीनियर स्व. रामरतन सिन्हा का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. सिन्हा अपने पीछे पुत्र राकेश सिन्हा, पुत्र रवि सिन्हा व दो पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम यात्रा 16 जुलाई को शाम 5 बजे उनके निज निवास हीरामोती लाइन से प्रारंभ होकर मुक्तिधाम लखोली पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### कांग्रेस ने पत्रकारवार्ता में लगाया आरोप

# राम मंदिर में चंदा चोरी, कांग्रेस ने आरएसएस-भाजपा को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी और मंदिर निर्माण में चंदा चोरी का आरोप लगाते कांग्रेस द्वारा राजनांदगांव में प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते भारतीय जनता पार्टी, आरएसएस और मोदी सरकार को घेरा। वहीं तीन सवालों के साथ कई मांगे रखी।

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम करोड़ भारतीयों की आस्था, संस्कृति और नैतिक चेतना के प्रतीक हैं। देश के कोने-कोने से गरीब, किसान, मजदूर श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई चढ़ावे के रूप में भगवान को अर्पित करते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी आरएसएस से जुड़े लोग भगवान के चढ़ावे को भी लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम चंदा और चढ़वा किसके संरक्षण में लूटा गया। वहीं 40 दिन में 70 बार चढ़ावा चोरी हुआ है। इससे पहले के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि और कितना लूट हुआ है, सामने नहीं आया है। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री खामोश बैठे हैं। उन्होंने कहा कि चढ़ावा चोरी के इस मामले में कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा और जनता के चढ़ावे का हिसाब मांगा जाएगा।



### कार्रवाई करने मांग

कांग्रेस द्वारा मांग की गई है कि इस चढ़ावा चोरी में जुड़े सभी के खिलाफ एफआईआर कर प्रभावशाली व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र न्यायिक जांच, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल भंग करने और चंदे का पूर्ण फॉरेंसिक ऑडिट की मांग की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, शहर अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिंटू, कुतबुद्दीन सोलंकी, मेहुल मारू, अनीश खान, विभा साहू, सूर्यकांत जैन, चेतन भानुशाली सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने किए सवाल

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस ने अपने तीन सवाल किए हैं। जिसमें कहा गया कि जब ट्रस्ट का गठन प्रधानमंत्री की देखरेख में हुआ तो इस घोटाले की जवाबदारी कौन लेगा। वहीं दूसरे सवाल में कहा गया कि अगर सब कुछ ठीक था तो चंपत राय और अनिल मिश्रा का इस्तीफा क्यों हुआ। वहीं कहा गया कि अगर कुछ गलत नहीं हुआ है तो फिर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच से डर क्यों हो रहा है।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खुद को बैंक कर्मचारी बताकर लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार प्रार्थी दिनाराम जंघेल 55 वर्ष निवासी ग्राम गर्रा द्वारा थाना छुईखदान में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी अर्पित देवांगन 28 वर्ष निवासी दुर्गा चौक राजनांदगांव ने स्वयं को बैंक कर्मचारी बताकर किसान क्रेडिट कार्ड लोन स्वीकृत कराने एवं बैंक के केसीसी लोन की राशि जमा करने का झांसा दिया। इस प्रकार आरोपी ने प्रार्थी से कुल 16,40,000 रुपए (सोलह लाख चालीस हजार रुपए) की धोखाधड़ी की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 318(4), 319(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपी पर कार्रवाई

प्रकरण की गंभीरता को देखते वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना छुईखदान पुलिस एवं साइबर सेल केसीजी की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी की तलाश की गई। साइबर तकनीकी सहायता से आरोपी का पता लगाकर उसे हिरासत में लिया गया। 16 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को उपजेल सलोनी न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना छुईखदान पुलिस स्टाफ एवं साइबर सेल जिला केसीजी का सराहनीय योगदान रहा।




# जीवनदीप समिति के लिए सदस्य मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव के अनुमोदन पश्चात जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं में जीवनदीप समिति के साधारण सभा सदस्य के लिए गणमान्यजनों को जीवनदीप समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।

जिलाचिकित्सालय राजनांदगांव के जीवनदीप समिति की साधारण सभा के लिए गुरूमुख दास वाधवा, राजेश श्यामकर, भागचंद गिडिया, अरविंद सिन्हा, कांती कुमार फुले, आनंद साहू एवं संदीप भट्टाचार्य को सदस्य मनोनीत किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी के जीवनदीप समिति की साधारण सभा के लिए लक्ष्मण यदु, हेमंत साहू, कृष्णा तिवारी, महेश साहू, रामबिलास साहू, जनपद सदस्य डुमेश साहू को सदस्य मनोनीत किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका के जीवनदीप समिति की साधारण सभा के लिए विनोद बारले, नोहेन्द्र सिन्हा, गोविंद सेन, अजय ठाकुर, केदार साहू, जनपद सदस्य अश्वनी मुकेश साहू को सदस्य मनोनीत किया गया है।

इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव के जीवनदीप समिति की साधारण सभा के लिए प्रफुल्ल जैन, गुलशन पटेल, संदीप जैन, कुन्ती आल्हा, राजेश दवे, हरिशंकर साहू, जनपद सदस्य विवेक मंडावी को सदस्य मनोनीत किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ के जीवनदीप समिति की साधारण सभा हेतु सुरेन्द्र सिंह बन्नोआना, महेन्द्र पटेल, महेन्द्र अग्रवाल, संतोष तिवारी, हरजीत सिंह अरोरा, जनपद सदस्य प्रतिमा खरे, पार्षद हरिश मोडघरे को सदस्य मनोनीत किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के जीवनदीप समिति की साधारण सभा हेतु सुरेन्द्र सिंह भाटिया, शिशुपाल साहू, स्वप्निल पटेल, सुरज डडसेना, राधेश्याम शर्मा, जनपद सदस्य उभेराम मंडावी, पार्षद टामेश कुंभकार को सदस्य मनोनीत किया गया है।

### कलेक्टर ने की समीक्षा

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार को जनपद पंचायत डोंगरगढ़ कार्यालय में ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने सभी सचिवों को मुख्यालय में रहने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का समय पर निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित प्रकरणों का समय पर समाधान करने कहा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम डोंगरगढ़ विश्वास कुमार, जनपद सीईओ भगवती साहू एवं अन्य अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थे।



### खेती-किसानी कार्य व धान की रोपाई लगभग ठप

# आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं ग्रामीण किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

क्षेत्र के किसान इन दिनों आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। आसमान में बादल उमड़ते-घुमड़ते जरूर दिखाई दे रहे हैं, लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। किसान अब इंद्रदेव से अच्छी बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं, ताकि खेतों में दोबारा रौनक लौट सके।

बारिश के अभाव में कृषि कार्य और धान की रोपाई लगभग ठप पड़ गई है। जिन किसानों ने सप्ताह भर पहले हुई बारिश के भरोसे रोपाई कर दी थी, उनके खेतों में अब दरारें पड़ने लगी हैं। धान के पौधों के सूखने की आशंका से किसान चिंतित हैं। वहीं जिन किसानों ने अभी तक रोपाई नहीं की है, वे पर्याप्त वर्षा का इंतजार कर रहे हैं ताकि दोबारा धान की बोनी और रोपाई का कार्य शुरू किया जा सके।

इस वर्ष मानसून की अनियमितता के कारण रोपाई का कार्य लगभग एक पखवाड़ा देर से चल रहा है। सिंचित क्षेत्रों में जहां कुछ किसानों ने रोपाई पूरी कर ली है, वहीं असिंचित क्षेत्रों में अधिकांश खेत अब भी खाली पड़े हैं। लगातार बारिश नहीं होने से खेतों की नमी खत्म हो रही है और फसलों पर संकट गहराने लगा है।



**धान की फसल पर गंभीर असर पड़ सकता है**

किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही अच्छी और लगातार बारिश नहीं हुई, तो धान की फसल पर गंभीर असर पड़ सकता है। क्षेत्र के किसान अब इंद्रदेव को मनाने की तैयारी में जुटे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि मूसलाधार बारिश होने से खेतों में फिर से पानी भर जाएगा, धान की नर्सरी तैयार होगी और रोपाई का कार्य दोबारा गति पकड़ सकेगा।

## कंझेटा में विद्यार्थियों को किया गया गणवेश वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक विद्यालय कन्झेटा में छात्र छात्राओं को निःशुल्क गणवेश वितरण किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला में कुल 82 विद्यार्थियों को गणवेश दिया गया, जिसमें से 49 बालिका और 33 बालक को प्रदान किया गया वहीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में कुल 86 विद्यार्थियों को जिसमें 40 बालक और 46 बालिका को गणवेश दिया गया। जिस पर प्राचार्य संजय वैष्णव ने बताया कि विभाग से जैसे गणवेश प्राप्त हुआ है विद्यालय में शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक के छात्र छात्राओं को वितरण कर दिया ताकि नवप्रवेशी बच्चे गणवेश पहनकर विद्यालय में आए। कार्यक्रम में प्रधान पाठिका श्रीमती नंदनी लांझेकर, हीरालाल चंद्रवंशी, श्रीमती सुषमा लांझेकर, पीटीआई श्रीमती शिवानी दिनेश, श्रीमती नोमिता मरकाम, कोमल लांझेकर उपस्थित साथ ही साथ गणवेश वितरण कार्यक्रम से शाला समिति मोहन चंद्रवंशी, परस चंद्रवंशी, भागीरथी सोनवानी, संजय चंद्रवंशी ने खुशी व्यक्त किया।

# बिजली बिल में बढ़ोतरी से उपभोक्ता परेशान, ग्रामीणों में बढ़ीं नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बिजली के बढ़े हुए बिल उपभोक्ताओं के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। कई ग्रामीणों का कहना है कि इस बार उन्हें सामान्य से कहीं अधिक बिजली बिल प्राप्त हुआ है, जिससे आर्थिक परेशानी बढ़ गई है। इस मुद्दे को लेकर गांवों के चौक-चौराहों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर लगातार चर्चा हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले जहां बिजली का बिल उनकी आय के अनुरूप आता था, वहीं अब कई परिवारों को अपेक्षा से अधिक राशि का बिल मिल रहा है। इससे सीमित आय वाले परिवारों का मासिक बजट प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे आम नागरिकों के लिए बढ़ा हुआ बिजली बिल अतिरिक्त बोझ बन गया है।

क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान समय में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद, सीमेंट, सरिया तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम पहले से अधिक हैं। ऐसे में बिजली बिल में बढ़ोतरी होने से उनकी आर्थिक स्थिति और कठिन हो गई है। विशेषकर बारिश के मौसम में कृषि कार्यों के कारण किसानों के सामने नकदी की समस्या रहती है, जिसके चलते बिजली बिल का भुगतान करना उनके लिए चुनौती बन रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामीणों ने यह भी कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय 400 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना का लाभ मिलने से घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिलती थी। उनका आरोप है कि वर्तमान भाजपा की डबल इंजन सरकार में बिजली बिल अधिक आने से लोगों की परेशानी बढ़ी है। इस विषय पर ग्रामीणों के बीच अलग-अलग तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग राहत की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बिजली बिल में किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि या मीटर रीडिंग में गड़बड़ी है, तो बिजली विभाग को इसकी जांच कर उपभोक्ताओं को उचित राहत देनी चाहिए। साथ ही वास्तविक खपत के आधार पर ही बिल जारी किए जाएं ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ न उठाना पड़े।




**बढ़ते बिजली बिलों की जांच कराई जाने की मांग**

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली विभाग एवं शासन से मांग की है कि बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कराई जाए और पात्र उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जाए। उनका कहना है कि महंगाई के इस दौर में आम लोगों को राहत देने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक संकट से कुछ राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप

### नपं पिपरिया में निकाली गई जगन्नाथ शोभा यात्रा



**पिपरिया।** नगर पिपरिया में गुरुवार को आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को रथयात्रा के पावन पर्व पर भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की शोभायात्रा बाजे-गाजे श्रीराम नाम कीर्तन के साथ निकाली गई, जो कि नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए पूरे नगर भ्रमण करते हुए पुनःमंदिर पहुंची। इस दरम्यान भगवान जगन्नाथ महाप्रभु, भैया बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की शोभायात्रा का दर्शन करने श्रद्धालु की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। पिपरिया नगर में रथयात्रा की परम्परा बहुत प्राचीन है, सनातन परम्परा में रथयात्रा का बहुत महत्व है इसे बहुत ही पुण्य दायी, शुभदायी मानी जाती है आज के दिन भगवान अपने मन्दिर से निकलकर आम जनता को स्वयं दर्शन देते हैं रथयात्रा का दर्शन शुभ माना जाता है एवं सुख शांति एवं समृद्धि की की कामना करते हैं। भगवान का रथ खींचने पुण्य लाभ होता है आज मंदिरो में भगवान की विषेश पूजा अर्चना की गई है ।

### श्री जगन्नाथ रथयात्रा धूमधाम से निकली



**कवर्धा।** अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव श्रद्धा, उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं से विद्यार्थियों को जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पूरा विद्यालय परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की दैनिक प्रार्थना सभा से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका सारिका देवांगन ने भगवान श्री जगन्नाथ,बलभद्र एवं माता सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना की। पं दीपक मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसएल नापित तथा शिक्षक दत्ताराम ठाकरे ने भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति,सेवा,समर्पण,प्रेम और सद्भाव के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। रथ यात्रा में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रार्थना सभा से प्रारंभ होकर विद्यालय परिसर में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर भगवान श्री जगन्नाथ के रथ को खींचते हुए अपनी आस्था व्यक्त की। विद्यार्थियों ने स्वयं भगवान श्री जगन्नाथ,बलभद्र एवं माता सुभद्रा की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार कीं, रथ को सुंदर ढंग से सजाया तथा पुष्प, प्रसाद, गुलाल एवं रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री से पूरे वातावरण को जीवंत एवं मनमोहक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान कई विद्यार्थियों ने भगवान श्री जगन्नाथ के जीवन, रथ यात्रा की परंपरा तथा उसके आध्यात्मिक महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बाजे-गाजे के साथ नृत्य करते हुए रथ यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया,जिसने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया।

### प्रभु श्री जगन्नाथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, पेंड्रीकला, कुण्डा एवं दामापुर क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामों में जगन्नाथ रथ यात्रा बड़ी धूमधाम से प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भजन कीर्तन के साथ नाचते-गाते हुए बैंड पार्टी के साथ गांव के चौक-चौराहा, गली मोहल्ला में प्रभु श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। जगन्नाथ यात्रा एक दर्शन के लिए अपने-अपने घरों में आरती सजाकर श्री जगन्नाथ भगवान का विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया और अपने घर की सुख शांति समृद्धि के लिए कामना की गई। प्रभु श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को शुरू होती है, जिसमें भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर अपनी मौसी के घर (गुंडिचा मंदिर) जाते हैं।

# भावना बोहरा ने गन्ना किसानों के समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने ध्यानाकर्षण किया

- पर्यटन स्थलों व आदिवासी क्षेत्र के विकास एवं उर्वरक की उपलब्धता और किसानों के भुगतान के विषय में किया प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के चौथे दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने गन्ना किसानों के हितों के संरक्षण, समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने एवं गन्ना उद्योग के सुदृढ़ीकरण हेतु सदन का ध्यानाकर्षण किया। इसके साथ ही प्रदेश में पर्यटन स्थलों व आदिवासी क्षेत्र के विकास एवं उर्वरक की उपलब्धता और किसानों के भुगतान के विषय में प्रश्न किया।



इस दौरान सदन का ध्यानाकर्षण करते हुए भावना बोहरा ने कहा कि राज्य के कबीरधाम, बेमेतरा, बालोद, सरगुजा सहित अनेक जिलों में हजारों किसान गन्ना उत्पादन पर निर्भर हैं, किंतु वर्तमान में उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य तथा समय पर भुगतान प्राप्त नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप अनेक किसान निजी गुड़ निर्माण इकाइयों को अधिक दर पर गन्ना बेचने के लिए विवश हो रहे हैं, जिससे सहकारी शक्कर कारखानों को पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

प्रदेश में अन्य नकदी फसलों के लिए जहां नियत दर पर सरकारी खरीदी एवं समयबद्ध व नियमित भुगतान की सुदृढ़ व्यवस्था है, वहीं गन्ना किसानों को अपनी उपज का भुगतान प्राप्त करने के लिए 8 से 9 माह तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। यह स्थिति किसानों को आर्थिक संकट, कर्ज एवं अतिरिक्त ब्याज भार की ओर धकेल रही है। इस समस्या का प्रमुख कारण शक्कर कारखानों को गन्ना खरीदी एवं शक्कर उत्पादन के विरुद्ध आवश्यक कार्यशील पूंजी समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होना भी है। यदि कार्यशील पूंजी अग्रिम रूप से उपलब्ध कराई जाए, तो कारखाने किसानों को एफआरपी एवं अन्य देय भुगतान निर्धारित समय में कर सकेंगे। वर्तमान व्यवस्था में कार्यशील पूंजी की उपलब्धता एवं भुगतान प्रक्रिया में विलंब का सीधा प्रभाव किसानों पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि गन्ना प्रदेश की एक महत्वपूर्ण नगदी फसल है, किंतु इसे अभी भी अन्य प्रमुख फसलों के समान पर्याप्त संरक्षण एवं प्रोत्साहन प्राप्त नहीं है। गन्ना किसानों को उन्नत कृषि योजनाओं, आधुनिक सिंचाई तकनीकों, यंत्रीकरण एवं उत्पादन बढ़ाने वाली योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। विशेष रूप से जल संरक्षण एवं उत्पादन लागत में कमी के लिए गन्ना क्षेत्रों में ड्रिप सिंचाई आधारित पायलट परियोजना प्रारंभ किया जाना आवश्यक है, जिससे कम पानी में अधिक उत्पादन प्राप्त हो सके तथा किसानों की आय में वृद्धि हो। गन्ना किसान प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं सहकारी शक्कर उद्योग की रीढ़ हैं।

भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु वर्तमान में कौन-कौन सी नीतियां एवं प्रोत्साहन प्रावधान लागू हैं? विगत तीन वर्षों में प्राप्त निवेश प्रस्तावों एवं स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण प्रदान करें ? क्या राज्य के पर्यटन स्थलों के संरक्षण, सौंदर्गीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

**गन्ना उत्पादक किसानों के हितों के लिए सदन के समक्ष विधायक ने रखी महत्वपूर्ण मांगे**

गन्ना किसानों के हित के लिए उन्होंने गन्ना प्रोत्साहन राशि में वृद्धि कर किसानों को उत्पादन लागत के अनुरूप वास्तविक लाभ सुनिश्चित करने, गन्ना किसानों के भुगतान हेतु निर्धारित समय-सीमा तय कर उसका अनिवार्य पालन सुनिश्चित करने तथा विलंब होने पर उत्तरदायित्व तय करने, सभी सहकारी शक्कर कारखानों के लिए राज्य स्तरीय रिवॉल्विंग फंड स्थापित कर पर्याप्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने, छत्तीसगढ़ में भी गन्ना किसानों के लिए राज्य परामर्शित मूल्य घोषित करने, ताकि किसानों को लागत के अनुरूप लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सके, गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में क्लस्टर आधारित ड्रिप सिंचाई कार्यक्रम प्रारंभ कर पर्याप्त अनुदान एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना, पंडरिया के मासिक शक्कर विक्रय कोटे में वृद्धि कर शीघ्र विक्रय एवं किसानों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कराने तथा गन्ना को किसान उन्नति योजना एवं अन्य उन्नत कृषि योजनाओं में शामिल कर उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण, सूक्ष्म सिंचाई, तकनीकी प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने की मांग भी सदन के समक्ष रखा।

## मिशन वात्सल्य अंतर्गत जन-जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग आठ किलोमीटर की दूरी पर स्थित जेवडन खुर्द स्थित शासकीय हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल में जिला बाल संरक्षण अधिकारी के निर्देशानुसार शासकीय हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल जेवडन खुर्द के विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत महेश कुमार निर्मलकर, भारती धुर्वे ने संचालित योजना के बारे में छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। जिसमें बाल गृह, बालिका गृह, दत्तक ग्रहण केंद्र बाल संप्रेषण आदि के विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई, भारत सरकार द्वारा चलाए जा रही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह की कुरितियों की दुष्परिणाम रोकथाम के उपायों के बारे में बताया गया, साथ ही बाल विवाह, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों लगने वाले धाराओं के जुर्माना के बारे में जानकारी देते हुए परिभाषित की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य दुर्योधन चंद्रवंशी, शिक्षक उत्तम साहू, अशोक चंद्रवंशी, संतोष शर्मा, राजू भारती, टेकचंद जांगड़े, लोकेश साहू तथा स्कूली विद्यार्थी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as **Satish Kumar Bhondekar S/o Suresh Bhondekar** R/o Odiya Kalan, PO. Odiakhurd, DIST. Kawardha, Chhattisgarh-491995 have changed my name and shall hereafter be known as **Satish Bhvyakirti.**

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Satish Kumar Bhondekar**
**Signature**
**(in existing Old Name)**

**Name Change of a Minor**

I,Suresh Kumar Sahu S/o Radhelal Sahu R/o h no 87, WARD NO. 05, POST KHAIRBANAKALA, Kapa, PO. Khairbana DIST.Kabeerdham, Chhattisgarh-491995 have change the name of my minor son Pusendra Sahu aged 15 years and he shall hereafter be known as Pushpendra Kumar Sahu.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Suresh Kumar Sahu**
**[Signature of Guardian]**

# राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए शिवकुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत, छत्तीसगढ़ द्वारा बुधवार को रायपुर के विमतारा भवन में आयोजित स्व. श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-2026 में देशभर के 250 उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक, हरिभूमि समूह एवं आईएनएच न्यूज, अध्यक्षता संजय अग्रवाल (संस्थापक, एनआर स्टील, रायगढ़), विशिष्ट अतिथि डॉ चितरंजन कर (राजभाषा हिंदी सलाहकार, रेल मंत्रालय, भारत सरकार) तथा डॉ पूर्णानंद मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कबीरधाम जिले के पण्डरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला केशलीगोड़ान के प्रधान पाठक शिवकुमार बंजारे को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नवाचार, बालिका शिक्षा को बढ़ावा, गतिविधि-आधारित शिक्षण, शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) के प्रभावी उपयोग, पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यालय विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्य अतिथि डॉ हिमांशु द्विवेदी द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर स्व. श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।



## रथयात्रा: विभिन्न मंदिरों से सजे-धजे रथों में विराजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा

# श्रद्धा, भक्ति व उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रथ द्वितीया के पावन अवसर पर गुरुवार को कवर्धा नगर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर हो गया। नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सुसज्जित रथों में विराजमान कर भव्य एवं मनमोहक रथयात्रा निकाली गई।

गाजे-बाजे, अखाड़ों के प्रदर्शन, बाजीगरों के करतब और भजन-कीर्तन के बीच निकली इस रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान जगन्नाथ के जयघोष से पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। दोपहर में स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर से रथयात्रा का शुभारंभ हुआ। नगर के प्रमुख मंदिरों से निकले रथ करपात्री चौक में एकत्रित हुए, जहां से अखाड़ों, बाजीगरों, ढोल-नगाड़ों एवं भजन मंडलियों की अगुवाई में कतारबद्ध होकर नगर भ्रमण के लिए रवाना हुए।

रथयात्रा शीतला मंदिर चौक, ऋषभदेव चौक, महावीर स्वामी चौक, नगरपालिका चौक, जय स्तंभ चौक एवं राजमहल चौक होते हुए मोती महल पहुंची। मोती महल में राज परिवार द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन एवं पूजा के लिए उमड़ी रही। नगर के राधाकृष्ण बड़े मंदिर, मेकरी मंदिर, राम मंदिर, मठ मंदिर सहित अनेक मंदिरों से भगवान की प्रतिमाओं को सुसज्जित रथों में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। लगभग आधा दर्जन से अधिक रथों के पीछे सैकड़ों श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। पूरी यात्रा के दौरान वातावरण जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंजता रहा। रथयात्रा की विशेष आकर्षण बाजीगरों की टोली रही, जिसने हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अखाड़ों के प्रदर्शन ने भी श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर भक्तों ने भगवान की आरती उतारी तथा पुष्पवर्षा कर रथों का स्वागत किया।

यात्रा मार्ग में मंदिर समितियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए मिश्री, मूंगदाल एवं तुलसीदल से तैयार पारंपरिक गजामूंग महाप्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने इसे भगवान जगन्नाथ का महाप्रसाद मानकर श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। कवर्धा के साथ-साथ अंचल के पिपरिया, बोड़ला, पाण्डातराई, सहसपुर लोहारा एवं पंडरिया नगरों में भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकाली गई।

रथयात्रा के सफल आयोजन में समिति के सक्रिय सदस्य सुधीर केशरवानी, कैलाश शर्मा, जीतेन्द्र वैष्णव, नीरज श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, जीतेन्द्र नामदेव, आशीष दुबे, राजेश गुप्ता, आकाश यदु, सौरभ सिंह, अविनाश गुप्ता, अतुल पाण्डेय, विकास केसरी सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।



### नगर के प्रमुख मार्गो से निकली रथयात्रा

रथयात्रा का शुभारंभ स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर से हुआ। इसके बाद सभी रथ करपात्री चौक में एकत्रित हुए और शीतला मंदिर चौक, ऋषभदेव चौक, महावीर स्वामी चौक, नगरपालिका चौक, जय स्तंभ चौक तथा राजमहल चौक होते हुए मोती महल पहुंचे। मार्गभर श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ की आरती कर पुष्पवर्षा से रथों का स्वागत किया।

### गजामूंग महाप्रसाद का विशेष महत्व

रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को मिश्री, मूंगदाल एवं तुलसीदल से तैयार पारंपरिक गजामूंग महाप्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक मान्यता है कि यह प्रसाद भगवान जगन्नाथ के महाप्रसाद के समान पुण्यदायी होता है। सामाजिक परंपरा के अनुसार लोग एक-दूसरे को गजामूंग खिलाकर प्रेम, सौहार्द और मैत्री संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाते हैं।

# पंडरिया कारखाना में गन्ने की एफआरपी का भुगतान

- पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा हमारी नीति स्पष्ट, हमारी नीयत साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के हजारों गन्ना उत्पादक किसानों के लिए बड़ी राहत और खुशी की खबर है। क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों और किसानों के हितों के प्रति उनकी संवेदनशील प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पंडरिया द्वारा आज 18.97 करोड़ रुपए की शेष एफआरपी राशि का भुगतान जारी कर दिया गया।

इसके साथ ही पेराई सत्र 2025-26 में किसानों से खरीदे गए गन्ने की एफआरपी राशि का शत-प्रतिशत भुगतान पूर्ण हो गया है। राज्य सरकार की स्पष्ट निति और विधायक भावना बोहरा के प्रयासों तथा किसानों से किये अपने वादे को पूरा करते हुए रिकॉर्ड समय में पंडरिया शक्कर कारखाना के किसानों को उनके खातों में एफआरपी के पूर्ण भुगतान की राशि हस्तांतरित होने से पंडरिया विधानसभा के गन्ना विक्रेता किसानों में उत्साह और हर्ष स्पष्ट रूप से दिखाई दिया और उन्होंने इस सौगात के लिए विधायक भावना बोहरा एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कारखाना के प्रबंध संचालक यूके कौशिक ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित 329.05 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गन्ना खरीदी की गई थी, जिसके एवज में किसानों को कुल 40.05 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना था।

इसमें से 21.07 करोड़ रुपये का भुगतान पूर्व में किया जा चुका था, जबकि शेष 18.97 करोड़ रुपये का भुगतान आज 4,961 गन्ना विक्रेता किसानों के खातों में जारी कर दिया गया। यह भुगतान 21 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को जारी किया गया है। कारखाना प्रबंधन ने यह भी जानकारी दी कि सत्र की शेष रिकवरी राशि का भुगतान भी शीघ्र किया जाएगा।

### पिछले 5 वर्षों में सबसे तेज भुगतान

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पंडरिया में इस वर्ष किसानों को एफआरपी राशि का पूर्ण भुगतान 15 जुलाई तक कर दिया गया, जो पिछले 5 वर्षों में सबसे तेज भुगतान है। इससे पहले सत्र 2021-22 में 12 सितंबर 2022, सत्र 2022-23 में 14 अगस्त 2023, सत्र 2023-24 में 19 सितंबर 2024, सत्र 2024-25 में 18 अक्टूबर 2025 को किया गया था और पांचवें वर्ष में सत्र 2025-26 में 15 जुलाई 2026 को किसानों को रिकॉर्ड समय में पूर्ण भुगतान किया गया।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना

**कवर्धा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा क्षितिज अपार संभावनाएं योजना के अंतर्गत दिव्यांग अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) एवं छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य दिव्यांग युवाओं को सिविल सेवा जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करना तथा अन्य दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करना है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया कि योजना का लाभ 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले छत्तीसगढ़ के मूल निवासी ऐसे अभ्यर्थियों को मिलेगा, जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग अथवा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की हो। योजना के अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 20 हजार रुपए, प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा दोनों उत्तीर्ण करने पर 30 हजार रुपए तथा अंतिम चयन होने पर 50 हजार रुपए की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

### कवर्धा में रोजगार मेला का आयोजन 22 को

**कवर्धा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जिले के शिक्षित एवं तकनीकी योग्य बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने 22 जुलाई 2026 बुधवार को प्रातः 10.30 बजे से शाम 04 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जिले में जागरूकता अभियान

## आयोजित किए जा रहे हैं विविध कार्यक्रम



- बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलेभर में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान, कैरियर काउंसलिंग, आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं निःशुल्क कौशल विकास कार्यक्रमों की व्यापक श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

योजना के अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बालिकाओं एवं आमजन को जनसंख्या स्थिरीकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, बालिकाओं के अधिकार, लैंगिक समानता तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में 2 जुलाई को ग्राम कान्हाभैरा, 3 जुलाई को ग्राम तेलीटोला एवं मिनमिनिया जंगल तथा 7 जुलाई को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, बोड़ला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वहीं विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 10 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर, 15 जुलाई को हायर सेकेंडरी स्कूल राजनावागांव में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कैरियर काउंसलिंग की आगामी कड़ियों में 22 जुलाई को हायर सेकेंडरी स्कूल कापादाह तथा 30 जुलाई को हायर सेकेंडरी स्कूल रेंगाखार (बोड़ला) में मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### छात्राओं को दी जा रही है कई विषयों की जानकारी

बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य और कैरियर निर्माण को ध्यान में रखते हुए योजना के तहत कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। इसकी शुरुआत 9 जुलाई को सिंघनगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल से हुई, जहां विशेषज्ञों ने छात्राओं को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बाद उपलब्ध शैक्षणिक एवं रोजगारोन्मुखी अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। इंजीनियरिंग, चिकित्सा, नर्सिंग, शिक्षा, प्रशासनिक सेवाएं, बैंकिंग, रक्षा सेवाएं, सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास एवं उद्यमिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप कैरियर चुनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया तथा छात्राओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### अंचल के स्कूलों में आगामी कार्यक्रम तय

बालिकाओं में आत्मविश्वास एवं सुरक्षा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत 17 जुलाई तक हायर सेकेंडरी स्कूल महली, 20 से 24 जुलाई तक हायर सेकेंडरी स्कूल सिल्हाटी तथा 27 से 31 जुलाई तक स्वामी आत्मानंद विद्यालय, बोड़ला में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा

# ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा प्रकरण में फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अवैध जुआ एवं ऑनलाइन सट्टेबाजी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में थाना कवर्धा पुलिस द्वारा पूर्व में ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा से संबंधित पंजीबद्ध 03 प्रकरणों मे वांछित आरोपी ग्राम छोंटा निवासी रवि चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

थाना कोतवाली कवर्धा में ऑनलाइन सट्टा से संबंधित दर्ज अपराध क्रमांक 153/26, 154/26 एवं 160/26 धारा 07 सार्वजनिक जुआ प्रतिषेध अधिनियम के मामलो मे आरोपियों को ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खेलने हेतु लिंक एवं यूजर आईडी रवि चन्द्रवंशी द्वारा उपलब्ध कराना पाया गया था। आरोपी रवि चंद्रवंशी लम्बे समय से फरार चल यहा था जिसे पिपरिया क्षेत्र से 15 जुलाई को हिरासत मे लिया गया।




तीनों प्रकरणों में आरोपी रवि चंद्रवंशी की संलिप्तता पाए जाने पर थाना कवर्धा पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया तथा माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया है कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध जुआ एवं ऑनलाइन सट्टेबाजी के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## स्कूली बच्चों ने सजाई महाप्रभु की मनोरम झांकी

**स.लोहारा।** गीता गुरुकुल पब्लिक स्कूल, बांधाटोला स. लोहारा के प्रांगण में गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री जगन्नाथ प्रभु की भव्य रथयात्रा एवं मनोरम झांकी का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलन और महाआरती के साथ हुआ। इसके बाद पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान के रथ को खींचा गया। पूरा विद्यालय परिसर जय जगन्नाथ और हरे कृष्णा के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई मनोरम झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संचालक द्वारा इस सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी को हमारी समृद्ध सनातन संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है। उन्होंने बच्चों को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ और प्रबुद्ध नागरिकों का सराहनीय योगदान रहा।



## एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम कबीरधाम द्वारा चलाया गया अभियान

# मुड़घुसरी जंगल में स्कूल चलो अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम, कबीरधाम द्वारा 16 जुलाई को ग्राम मुड़घुसरी जंगल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 125 बच्चों, शिक्षकों एवं उनके पालकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर एवं ग्राम में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से शिक्षा के महत्व, नियमित विद्यालय उपस्थिति, बाल शिक्षा के अधिकार तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा की भूमिका के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम के सदस्यों ने उपस्थित अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय में प्रवेश एवं उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि प्रत्येक बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सके।




### पालकों व शिक्षकों ने लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं पालकों ने भी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का संकल्प लिया। सभी प्रतिभागियों ने स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम, कबीरधाम द्वारा भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता से संबंधित ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा मिल सके।

# समाधान योजना में बिजली के न्यायालयीन प्रकरणों का भी किया जाएगा त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के अंतर्गत अब न्यायालयों में लंबित बिजली बिल संबंधी प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा।

इसके लिए उपभोक्ताओं को न्यायालयों में लंबित प्रकरण वापस लेना होगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने बताया कि उपभोक्ताओं से मिल रहे उत्साहजनक प्रतिसाद को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा के अनुरूप छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 की अवधि 30 सितंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही अब योजना का दायरा बढ़ाते हुए न्यायालयों में लंबित बिजली बिल संबंधी प्रकरणों को भी इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल संबंधी प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं, वे न्यायालय से अपना प्रकरण वापस लेकर योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं।

नियमानुसार आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद उन्हें उपलब्ध छूट एवं अन्य लाभ प्रदान किए जाएंगे। सीएसपीडीसीएल के मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने बताया मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 के तहत निम्नदाब घरेलू, बीपीएल एवं कृषि श्रेणी के अशासकीय उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल की मूल राशि एवं अधिभार में नियमानुसार छूट का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

राजनांदगांव रीजन के अंतर्गत चारों जिलों के 07 विद्युत संभागों में सर्वाधिक कवर्धा संभाग से 21478, पंडरिया संभाग से 19815 सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ता लाभान्वित हो चुकें हैं। इन सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि एवं अधिभार (सरचार्ज) में 18 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि का छूट प्रदान किया जा चुका है।

लाभान्वित उपभोक्ताओं द्वारा सक्रियता दिखाते हुए अब तक लगभग 05 करोड़ 04 लाख 82 हजार रुपए की बकाया राशि विभाग में जमा की जा चुकी है।